● जयपुर, रविवार, 16 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 288 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @4 मेरे बेटे को कुछ हुआ तो सीएम आवास पर करूंगी आत्मदाह...

पेज @4 केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी का भाजपा नेता उपेन यादव...

पेज @8 भागीरथ चौधरी का किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश....

# कई राज्यों में भारी बारिश की आशंका, प्रचंड गर्मी के बीच मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट



**नईदिल्ली/एजेंसी।**

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्से में प्रचंड गर्मी पड़ रही है. वहीं दूसरी और पश्चिम की ओर से आने वाली हवाओं के चलते मानसून की रफ्तार धीमी हो गई है. जिसके चलते लोगों को मानसून बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है. वहीं बंगाल की खाड़ी में दो हफ्ते पहले आए रेमल चक्रवात के असर से मानसून को मिली गति भी अब लगभग खत्म हो गई है. इस बीच मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, 10 जून के बाद मानसून की रफ्तार धीमी हो गई और ये आगे नहीं बढ़ पा रहा है. फिलहाल मानसून की स्थिति स्थिर बनी हुई है.

## सिक्किम: भारी बारिश के बाद भूस्खलन, अब तक 9 लोगों की मौत, सैकड़ों पर्यटक फंसे



**गंगटोक/एजेंसी।**

पूर्वोत्तर के राज्य सिक्किम में इनदिनों भारी बारिश के चलते कई इलाकों में भूस्खलन हो रहा है. जिसके चलते अब तक नौ लोगों के मारे जाने की जानकारी सामने आई है. बताया जा रहा है कि उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले में लगातार हो रही बारिश से बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है. जिसके चलते 15 विदेशी नागरिकों समेत 1,200 से ज्यादा पर्यटक फंस गए हैं. एक अधिकारी के मुताबिक, भूस्खलन और भारी बारिश के चलते पर्वतीय राज्य में 9 लोगों की मौत हो गई है और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है. इसके साथ ही कई क्षेत्रों में सड़क संपर्क टूट गया है. भारी बारिश और भूस्खलन से बिजली और खाद्य आपूर्ति तथा मोबाइल नेटवर्क भी बाधित हुआ है. राज्य के पर्यटन एवं नागर विमानन विभाग के प्रधान सचिव सी एस राव ने कहा कि, रिपोर्ट के मुताबिक भारी बारिश और भूस्खलन के चलते सड़क अवरुद्ध हो गई है जिससे करीब 1,200 घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक मंगन जिले के लाचुंग में फंस गए हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### बीएस येदियुरप्पा 17 जून को सीआईडी के सामने होंगे पेश

**बेंगलुरु/एजेंसी।** पॉक्सो मामले का सामना कर रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा शनिवार को बेंगलुरु लौट आए और कहा कि वह पूछताछ के लिए 17 जून को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के समक्ष पेश होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा सीआईडी को पॉक्सो मामले के संबंध में उन्हें गिरफ्तार करने से रोके जाने के एक दिन बाद लौटे। उच्च न्यायालय ने येदियुरप्पा को मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने भी का निर्देश दिया। येदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैं पहले से तय कार्यक्रम के लिए दिल्ली गया था।

### 50 फीट गहरे बोरवेल में गिरी बच्ची की मौत, 17 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

**अहमदाबाद/एजेंसी।** गुजरात के अमरेली जिला के सुरगापारा गांव में 45-50 फीट गहरे बोरवेल में गिरी एक मामूम बच्ची की मौत हो गई. बच्ची को बचाने के लिए 16-17 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया. लेकिन शनिवार सुबह बच्ची ने को मृत घोषित कर दिया गया. अग्निशमन अधिकारी एचसी गढ़वी ने बताया कि, बच्ची को सुबह 5:10 बजे बोरवेल से बाहर निकाला गया. उसके बाद उसे अमरेली सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया. इस घटना के बाद केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पंशेरिया ने गुजरात के लोगों से खुले बोरवेल को बंद करने की अपील की.
बच्ची को बोरवेल से जिंदा निकालने के लिए घंटों रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया.

# पीएम मोदी ने अपनी तीसरी पारी में ग्लोबल साउथ पर अपनी दमदार पकड़ रखी है जारी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

शुक्रवार को इटली के अपुलीया में आयोजित ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) शिखर सम्मेलन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में भारत की छवि को और मजबूत कर दिया है।
पिछले दशक में, विशेष रूप से भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान ग्लोबल साउथ की आवाज को बल देने के बाद, पीएम मोदी ने इस सप्ताह की शुरुआत में पदभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के दौरान विकासशील देशों की चिंताओं को उजागर करने के लिए एक बार फिर एक प्रमुख वैश्विक मंच को चुना।
जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, ग्लोबल साउथ के देश वैश्विक अनिश्चितताओं और तनावों का खामियाजा भुगत रहे हैं। भारत ने ग्लोबल साउथ के देशों की प्राथमिकताओं और चिंताओं को विश्व मंच पर रखना अपनी जिम्मेदारी समझा है।
अपने कार्यकाल के दौरान भारत द्वारा खुद को अफ्रीका के सबसे अच्छे मित्र के रूप में मजबूती से स्थापित करने के साथ, पीएम मोदी ने महाद्वीप के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। उन्होंने जी-7 कार्यक्रम में एकत्रित विश्व नेताओं को आश्वासन दिया हमने इन प्रयासों में अफ्रीका को उच्च प्राथमिकता दी है। हमें गर्व है कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य बनाया। भारत सभी अफ्रीकी लोगों के आर्थिक और सामाजिक विकास, स्थिरता और सुरक्षा में सभी अफ्रीकी देशों को





## पीएम मोदी और इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी ने की द्विपक्षीय वार्ता, रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर हुई चर्चा

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार रात जी7 शिखर सम्मेलन से इतर इटली के अपुलिया में अपने इतालवी समकक्ष जोर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय बैठक की. इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा हुई. विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की और रक्षा औद्योगिक सहयोग को और बढ़ाने की उम्मीद जताई. उन्होंने इस साल के अंत में इतालवी विमान वाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची की भारत यात्रा का स्वागत किया.
इसके साथ ही पीएम मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इतालवी अभियान में भारतीय सेना के योगदान को मान्यता देने के लिए इतालवी सरकार का शुक्रिया अदा किया. साथ ही उन्होंने कहा कि, भारत इटली के मोंटोन में यशवंत घाडगे स्मारक का उन्नयन करेगा. पीएम मोदी और उनके इतालवी समकक्ष ने नियमित उच्च राजनीतिक वार्ता पर संतोष व्यक्त किया और भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की.
विदेश मंत्रालय के मुताबिक, द्विपक्षीय वार्ता में बढ़ते व्यापार और आर्थिक सहयोग पर खुशी व्यक्त करते हुए, उन्होंने लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए स्वच्छ ऊर्जा, विनिर्माण, अंतरिक्ष, एस एंड टी, दूरसंचार, एआई और महत्वपूर्ण खनिजों में वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करने का आ''ान किया. इस संदर्भ में, उन्होंने हाल ही में हस्ताक्षर किए जाने का स्वागत किया. औद्योगिक संपत्ति अधिकार (आईपीआर) पर समझौता ज्ञापन, जो पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क पर सहयोग के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है.



### जॉर्जिया मेलोनी ने ली पीएम मोदी के साथ सेल्फी, सोशल मीडिया पर वायरल हो रही फोटो

**नई दिल्ली/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली के अपुलिया में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद शनिवार सुबह दिल्ली लौट आए। इसके बाद इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और नरेंद्र मोदी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी, जिसमें जॉर्जिया, पीएम मोदी के साथ सेल्फी लेती दिख रही हैं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की यह पहली विदेश यात्रा थी। वह जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सेशन में शिरकत करने के लिए अपुलिया पहुंचे थे।

## उत्तराखण्ड में टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा, 14 की मौत



**रुद्रप्रयाग/एजेंसी।**

रुद्रप्रयाग जिले के पास एक टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा गया। वाहन में 26 यात्री सवार बताए जा रहे हैं। हादसे में 14 यात्रियों की मौत हो गई। दल नई दिल्ली से चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रेकिंग पर जा रहा था। उत्तराखंड ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में एक वाहन दुर्घनाग्रस्त होकर 250 मीटर गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। 10 की घटनास्थल में ही दम तोड़ दिया था। इसके अलावा दो की मौत जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग और दो की मौत एम्स ऋषिकेश में हुई है। हादसे में घायल 13 लोगों में सात का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। जबकि 5 एम्स में भर्ती हैं। हादसे का कारण वाहन चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। साथ ही वाहन में सवार 23 लोगों में अधिकांश भी नींद में थे। शुक्रवार देर रात्रि को नई दिल्ली से अलग-अलग जगह के 23 युवाओं का दल टेंपो- ट्रेवलर में चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रेकिंग के लिए रवाना हुआ था।

### ● दस लोग मौके पर ही मृत मिले

शनिवार को ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूर्वाह्न लगभग 11.30 बजे वाहन रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने आरसी पैरापिट तोड़कर सीधे गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा।

## फिर सामने आया कोरोना का नया वैरिएंट, जेएन.1 से भी खतरनाक





**नईदिल्ली/एजेंसी।**

अमेरिका में कोरोना के फिर से नए के मामले देखने को मिल रहे हैं. रोग नियंत्रण और रोकनाम केंद्र ने बताया है कि देश में कोविड के नए वैरिएंट (केपी.3 कोविड स्ट्रेन) का पता चला है. इसका नाम केपी.3 है. अमेरिका में 25 प्रतिशत से अधिक कोरोना पीड़ितों में ये पाया गया है. ये नया वैरिएंट पहले के जेएन.1 वैरिएंट से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है. जानकारी के मुताबिक, न्यू केपी 3 वैरिएंट ओमिक्रॉन वैरिएंट से निकला है. विशेषज्ञों का कहना है कि वैक्सीन केपी 3 वैरिएंट के खिलाफ कारगर साबित हो रहे हैं. इस वैरिएंट के हल्के से लेकर गंभीर लक्षण हो सकते हैं. सामान्य लक्षणों में बुखार, सूखी खांसी और थकान शामिल हैं, इसके बाज जोड़ो में दर्द, सिरदर्द और गले में खराश हो सकती है. कई कोरोना पॉजिटिव पाए गए लोगों में स्वाद या गंध का खोना वायरस के विशिष्ट लक्षण हो सकते हैं.

### दिल्ली सरकार ने हरियाणा से की अपील, कहा-

# मानवीय आधार पर छोड़ा जाए पानी : आतिशी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने हरियाणा से मानवीय आधार पर यमुना में अतिरिक्त पानी छोडने् का आग्रह किया है। दिल्ली की जल मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुनक नहर और वजीराबाद जल शोधन संयंत्र में पानी की कमी के कारण राष्ट्रीय राजधानी में शोधित जल का उत्पादन करने में सात





करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) की कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सामान्य रूप से (शोधित) जल का उत्पादन लगभग 1,002 एमजीडी होता है, जो शुक्रवार को घटकर 932 एमजीडी रह गया। मंत्री ने कहा, दिल्ली सरकार ने मानवीय आधार पर हरियाणा से राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के लिए



अतिरिक्त पानी छोडने् की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी कम होने के बाद यमुना के जल के बंटवारे से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ऊपरी यमुना नदी बोर्ड की बैठक में दिल्ली में जल संकट का कोई समाधान नहीं निकल सका। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश अपने द्वारा उपयोग नहीं किया गया पानी दिल्ली को देने के लिए तैयार है। मंत्री ने कहा,मैंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से फोन पर बात की और उन्होंने मुझे सहयोग का आश्वासन दिया है।
आतिशी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से पानी की उपलब्धता का आकलन बोर्ड द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि शनिवार को दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिन इलाकों में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है उनका पता लगाया जाए तथा पानी के टैंकर की संख्या बढ़ाई जाए। बता दें कि बीते दिनों दिल्ली सरकार की तरफ से यूपी और हरियाणा की सरकार को पत्र भी लिखा गया था। इस पत्र में दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने पत्र में लिखा कि दिल्ली की जनता आपके जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रही है।

# रचनात्मक राजनीति समय की जरूरत

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। इसका तात्पर्य यही है कि देश की जनता ही भारत की असली सरकार है। लोकसभा चुनाव के बाद अब देश में सरकार और विपक्ष की भूमिका भी तय हो गई है। जनता ने जहां नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राजग को बहुमत दिया है, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष को एक बार फिर से सत्ता से दूर कर दिया है। अब चुनाव हो चुके हैं, इसलिए लोकतांत्रिक देश होने के नाते आवश्यक है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष को जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही काम करना चाहिए। क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान जिस प्रकार के बयान दिए गए, उससे यही लगता है कि इसकी प्रतिध्वनि आगे भी सुनाई देगी। आज के राजनीतिक हालातों का अध्ययन किया जाए तो यह कहना सर्वथा उचित ही होगा कि दलीय आधार की राजनीति करना केवल चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। उसका असर अगर संसद की कार्यवाही में दिखाई देगा तो यह देश के साथ अन्याय ही होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही चाहिए कि वह अब देश हित की राजनीति करने वाले ही कदम उठाए। जहां तक राजनीतिक विश्लेषण की बात है तो यही कहा जाएगा कि भारत की जनता ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता सौंपी है और कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। दोनों पक्ष की अलग भूमिका होती है।

संसद के माध्यम से देश का संचालन किया जाता है। यह राजनीतिक जोर आजमाइश का मैदान नहीं है, इसलिए संसद की गरिमा का भी सभी राजनीतिक दल ध्यान रखें, ऐसी भूमिका सभी मिलकर तय करें। सरकार और विपक्ष दोनों को चाहिए कि वह रचनात्मक राजनीति करके देशहित पर ध्यान दें, क्योंकि लोकतंत्र में लड़ाई सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। भारत की राजनीति का उद्देश्य भी यही है कि इसके माध्यम से जनसेवा की जाए। अगर दलीय आधार पर संसद में राजनीति की जाए तो फिर देश बनाने की आशा किससे की जाए। उल्लेखनीय है कि जनता की पसंद और नापसंद जानने के लिए ही देश में लोकतंत्र है। चुनाव के बाद निर्वाचित हुए प्रतिनिधि वास्तव में जनता के ही प्रतिनिधि हैं, इसलिए अब सभी को जनता के लिए ही जिम्मेदार होना चाहिए। चुनाव तक ही भाजपा और कांग्रेस की राजनीति रहती है, अब विपक्ष को भी चाहिए कि वह अच्छे कार्यों में सरकार का साथ दे, क्योंकि अब सरकार राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि भारत की सरकार है। भारत की सरकार का आशय हम सबकी सरकार ही है। कहने को देश में लोकतंत्र है, लेकिन ऐसा लगता है कि राजनीतिक दलों के जो नेता जनप्रतिनिधि बनकर दिल्ली या प्रदेश की राजधानियों में बैठते हैं, उनको केवल अपने दल के अनुसार ही काम करना होता है। जिसमें लोक की भावनाओं का समावेश बिलकुल भी नहीं रहता। हमेशा यही देखा जाता है कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले हमारे राजनेता केवल विरोध करने के लिए ही विरोध करने की शैली को अपनाने के लिए ही बाध्य होते हैं।

पिछली बार हम सबने देखा कि संसद की कार्यवाही को कई बार बाधित किया गया। लोकतंत्र की व्यवस्था के अनुसार विपक्ष का होना भी अत्यंत जरूरी है, लेकिन जो विपक्ष रचनात्मक भूमिका का पालन नहीं करता ऐसे विपक्ष से तो विपक्ष का न होना ही सही है। सत्ता पक्ष की निरंकुशता पर लगाम स्थापित करने के लिए ही विपक्ष का काम होता है, लेकिन भारत में प्रायः देखा जाता है कि सत्ता पक्ष के हर कार्य के लिए विपक्ष अपना विरोधी रुख अपनाता है। सरकार के हर कार्य का विरोध करना भी ठीक नहीं है। यह बात सही है कि इस बार लोकसभा में मजबूत विपक्ष है। इसलिए विपक्ष अपने आपको मजबूत ही दिखाएगा, यह स्वाभाविक ही है। पिछले समय जब विपक्ष बिखरा हुआ था, तब भी विपक्ष ने अपनी ताकत दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लेकिन इस बार राजनीतिक स्थितियां बदली हुई हैं। सरकार की ताकत भी कम हुई है, गठबंधन के सहयोगी दल भी अपनी उपस्थिति का अहसास हमेशा कराते रहेंगे। ऐसे में सरकार जनता के किए गए कितने वादों पर अमल कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी। वहीं विपक्षी दलों की परेशानी यह है कि उसने जनता से जो वादे किए हैं, उसका क्या होगा, क्योंकि विपक्ष ने यह प्रचारित करके अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा ही काम किया है कि उसने भाजपा की जीत के रथ को रोक दिया है, जबकि यथार्थ में ऐसा नहीं है। जनता के बीच विपक्ष ने अपनी जीत का ही संदेश दिया है, इससे जनता एक बार फिर से भ्रमित होती दिखाई दे रही है और इसीलिए ही कांग्रेस के कार्यालयों पर जनता की भीड़ उमड़ रही है। यह जनता कांग्रेस से अपने वादे पूरे करने की मांग कर रही है। क्योंकि उनके सामने यही संदेश दिया है कि कांग्रेस सहित विपक्ष की बड़ी जीत हुई है। वर्तमान स्थिति का राजनीतिक विश्लेषण किया जाए तो यही कहना उचित होगा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आज भी जनता की पहली पसंद है। भाजपा को जितनी सीट मिली हैं, उसके आधे भी विपक्ष के किसी दल को नहीं मिली। प्रचार में पूरी ताकत झोंकने के बाद भी कांग्रेस 100 के आंकड़े को नहीं छू सकी, यह गहन चिंता का विषय है, लेकिन कांग्रेस इस सत्य को स्वीकार करने की मानसिकता नहीं बना पाई।

राजनीति में सीटों की संख्या का महत्व होता है और सीटों के मामले में भाजपा बहुत आगे है। यह अलग बात है कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई, लेकिन इस बार भाजपा ने दक्षिण के कुछ राज्यों में अपनी उपस्थिति का अहसास कराया है। यह भाजपा के लिए आनंद की ही बात है। जिस दक्षिण के लिए भाजपा अछूत मानी जाती थी, वहां भाजपा स्वीकार होने लगी है। एक खास बात यह भी है कि इस बार के आम चुनाव में जनता ने क्षेत्रीय दलों को भी बहुत अच्छा महत्व दिया है। क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व में आने के बाद देश में गठबंधन की राजनीति का युग फिर से आ गया है। राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति देश के अधिकतर राज्यों में है। बाकी सभी दल राष्ट्रीय फलक पर प्रभाव दिखाने वाले नहीं हैं। इसके अलावा विपक्ष में अभी से बिखराव प्रारम्भ हो गया है। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस से पूरी तरह से किनारा कर लिया है। ऐसे में विपक्षी गठबंधन पर फिर से सवाल उठने लगे हैं। खैर... यह राजनीति है, राजनीति में कब क्या हो जाए कहा नहीं जा सकता। लेकिन जहां देश हित की बात आती है तो वहां राजनीति नहीं होना चाहिए। राजनीति रचनात्मक होगी तो ही देश चलेगा, विरोध की राजनीति तो अवरोध पैदा करने वाली होती है।

# फिर आतंकी हमले, कायम हो शांति का उजाला



ललित गर्ग

यह आशंका सच साबित हो रही है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है। इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे।

मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यो को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी



सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है।


जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर हाल के आतंकी हमले केंद्र सरकार व राज्य प्रशासन को भी आत्ममंथन का मौका देते हैं।

तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। गठबंधन की केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ आतंक से अमन-चैन तक लाने के चले आ रहे मिशन को सफल करने का, लोकतंत्र को सशक्त बनाने का, विकास के कार्यक्रमों को गति देने का एवं कश्मीर के लोगों पर आयी मुस्कान को कायम रखने का। बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। अब गठबंधन सरकार में भी वे अपने इस जादू को दिखाये।

इन आतंकी हमलों ने अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि कश्मीर की जनता क्यों राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पा रही है? क्या कश्मीरी लोगों में नई व्यवस्था में अपने अधिकारों की सुरक्षा व संपत्ति के अधिकारों को लेकर मन में संशय की स्थिति में वृद्धि हुई है? हमें यह तथ्य स्वीकारना चाहिए कि किसी भी राज्य में आतंकवाद का उभरना स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकता। वहीं यह भी हकीकत है कि कश्मीरी जनमानस का दिल जीतना शक्ति से नहीं बल्कि उनके अनुकूल नीतियां बनाने व लोकतंत्र की बहाली से ही संभव है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं। माना कि रोग पुराना है, लेकिन ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज होना ही चाहिए। कश्मीरियों में अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार एवं सक्षम किया जाये। घाटी में हालात सुधरने के केंद्र सरकार के दावों की सत्यता इसी से परखी जाएगी कि घाटी में अल्पसंख्यक पंडित और प्रवासी कामगार खुद को कितना सुरक्षित महसूस करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो असली लड़ाई कश्मीर में बन्दूक और सन्दूक की है, आतंकवाद और लोकतंत्र की है, अलगाववाद और एकता की है, पाकिस्तान और भारत की है। शांति का अग्रदूत बन रहा भारत एक बार फिर युद्ध के जंग की बजाय शांति प्रयासों एवं कूटनीति से पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाये, यह अपेक्षित है।

पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति 'कश्मीर' पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब गठबंधन की मोदी सरकार को ही देना है, उसे सटीक जबाव देकर आतंकियों के मनसूबों को ढ़ेर करना होगा, पडोसी देश की गर्दन को एक बार फिर मरोड़ना होगा। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत राजनीति से दूर रखना होगा।

# 'खो खो' गुमनामी से अंतरराष्ट्रीय शिखर तक




सुधांशु मित्तल

पीछा करने के सदियों पुराने रोमांचक खेल 'खो-खो' की जड़ें भारतीय पौराणिक कथाओं में हैं और यह खेल प्राचीनकाल से प्राकृतिक घास या मैदान में नियमित रूप से पूरे भारत में खेला जाता है। 'खो' मराठी शब्द है जिसका अर्थ है जाओ और पीछा करो। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों द्वारा खेले जाने वाला 'खो खो' प्राचीन भारत का पारंपरिक खेल माना जाता है और यह ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी के बाद दूसरा रोमांचक टैग गेम है। 'खो खो' की उत्पत्ति भारत में मानी जाती है। इतिहास में इसका वर्णन मौर्य शासनकाल (चौथी ईसा पूर्व) में मिलता है। 'खो खो' खेल का वर्णन महाभारत काल में भी किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि महाभारत काल में 'खो खो' रथ पर खेला जाता था जहां प्रतिद्वंद्वी रथ पर सवार होकर एक-दूसरे का पीछा करते थे, जिसे 'रथेरा' कहा जाता था। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि महाभारत युद्ध के 13वें दिन गुरु द्रोणाचार्य द्वारा बनाए गए चक्रव्यूह में प्रवेश करने के लिए अभिमन्यु ने 'खो-खो' में इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति का उपयोग किया था और "खो-खो" के कौशल का उपयोग करके कौरव वंश को भारी नुकसान पहुंचाया था।

लोकमान्य तिलक द्वारा गठित डेक्कन जिमखाना पुणे ने पहली बार इस खेल के विधिवत नियम तय किए। वर्ष 1923-24 में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कम्पटीशन की स्थापना की गई जिसके माध्यम से ग्रामीण स्तर पर 'खो-खो' को लोकप्रिय करने के लिए कदम उठाए गए। वर्ष 1928 में भारत की पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए गठित 'अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण मंडल' द्वारा वर्ष 1935 में इस खेल के नियमों को पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया। आधुनिक काल में 'खो-खो' खेल को महाराष्ट्र के अमरावती के हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल के तत्वाधान में सबसे पहले 1936 के बर्लिन ओलंपिक्स में प्रदर्शित किया गया था तथा इस खेल को अडोल्फ हिटलर ने जमकर सराहा। वर्ष 1938 में अखिल महाराष्ट्र शारीरिक शिक्षण मंडल ने 'खो-खो' खेल की दूसरी नियम पुस्तिका प्रकाशित की। इसी वर्ष अकोला में इंटर जोनल स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया। आज 'खो-खो' भारत के सभी राज्यों में खेली जाती है तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 'खो-खो' की अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

आजादी के बाद भारतीय खेलों को प्रोत्साहन देने के अंतर्गत 1955-56 में 'अखिल भारतीय खो-खो मंडल' की स्थापना की गई। पुरुषों की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन 25 दिसंबर 1959 से 01 जनवरी 1960 को किया गया जबकि महिलाओं की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 13 से 16 अप्रैल 1961 को आयोजित की गई। वर्ष 1964 में इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित 5वीं नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में व्यक्तिगत पुरस्कार शुरू किए गए। वर्ष 1966 में 'खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया' की स्थापना की गई तथा वर्ष 1970 में किशोर लड़कों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जबकि वर्ष 1974 में किशोर लड़कियों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। 1982 में दिल्ली में आयोजित 9वें एशियाई खेलों में खो-खो का डेमोंस्ट्रेशन मैच आयोजित किया गया। वर्ष 1987 में कोलकाता में आयोजित तीसरी साउथ एशियाई खेलों में खो-खो खेल को प्रदर्शित किया गया। अंतरराष्ट्रीय खेलों में पहली बार वर्ष 1996 में 'खो-खो' की पहली एशियाई खो-खो चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिससे 'खो-खो' को अंतरराष्ट्रीय खेल के रूप में लोकप्रियता मिली, जिससे आज यह खेल 36 से अधिक देशों में खेला जाता है। वर्ष 1998 में पहला नेताजी सुभाष गोल्ड कप इंटरनेशनल खो-खो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 'खो-खो' को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए जुलाई 2018 में 'इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन' का गठन किया गया जिसका मुख्यालय लंदन में है। लंदन में पहली इंटरनेशनल खो-खो चैंपियनशिप वर्ष 2018 में आयोजित की गई। आज 'खो-खो' भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप से खेला जाने वाला खेल है।

# श्रद्धेय गायक हेमन्त कुमार के नगमें



रजत मुखर्जी

सरकते वक्त के साथ यादें धूमिल होती जाती लेकिन ऐसा जिन्दगी के 1 उन पलों के साथ होता है जो दिल को नहीं छूते। क्योंकि जो बात दिल की गहराई में एक बार उतर जाती है, वह भूले नहीं भूलती। बल्कि भूलने की कोशिश उस भाद को और भी ज्यादा पक्का करती है। वो गीत-संगीत जिसने कभी लोगों के दिलो-दिमाग को झकझोरा था, सकून पहुंचाया था आज भी जब कानों में पड़ता है तो उसके चहेतों की आँखों के सामने अत्तीत के मधुर क्षण जाते हैं 1 एक फिल्म की तरह धूम बंगाल की धरती ने हिन्दी फिल्म संसार को श्रेष्ठ निर्देशक, श्रेष्ठ गायक, श्रेष्ठ संगीतकार और श्रेष्ठ फिल्में दी हैं। उसी परम्परा की कड़ी है अनमोल बोलों को स्वर देने वाले महान गायक हेमन्त कुमार जी है। स्त्रीध पंकज मल्लिक के स्वर की गूंज हेमन्त के सुरों में है। गायक और संगीतकार दोनों रूपों में हेमन्त कुमार का फिल्मों को अपूर्व योगदान है। जिन्दगी कितनी खूबसूरत है, जिन्दगी पार की दो-चार घड़ी होती है। कह रही है जिन्दगी जी सके तो जी। आओ बच्चों तुम्हें दिखाए झांकी हिन्दुस्तान की, कि इन्साफ की हगर वे बच्चों दिखाओ चलंके। जब जाग उठे अरमान तो कैसे नींद आए। जन्म से बबेजारा हूँ बंधु, कहीं कोई हार, न घाट, न अंगनारा। है अपना दिल तो आवारा न जाने किसपे आएगा। जरा नजरों से कहदो जी 'निशाना चूक न जाए। न तुम हमें जानों ने हम तुम्हें जाने। बेकरार करके हमें यूं न जाइये।

# नदियां छेड़छाड़ नहीं करती बर्दाश्त



राम भरोस मीणा

नदी प्रकृति की वह अनमोल देन हैं जिनका हमारे जीवन से गहरा सम्बन्ध है। वह ऊंचे पहाड़ों से निचले स्थलों की ढलान की ओर मैदानी इलाकों में बहते हुए पानी का एक प्राकृतिक प्रवाह है जो अपने प्रकृति के साथ बहते हुए आगे तब-तक बढ़ते रहतीं हैं जब तक कि उसे कहीं अवरोध न मिले या किसी दूसरे प्रवाह में वह समायोजित न हो जाए। इसीलिए जीवन्त रहने के वास्ते इन्हें जीवन दायिनी का सम्मान समाज विज्ञानियों द्वारा दिया गया है। यह भी सच है कि यह हमेशा अपनी बाहरी तथा आन्तरिक संरचनाओं में बहती रहती हैं और उसी में आनंद का अनुभव करती हैं। जहां तक मौसमी नदियों का सवाल है, वह भी अपने पेटे में बनी झील, गार्ज को हमेशा जलापूर्ति करने के साथ पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाने का काम भी करतीं हैं। यह भी सर्वविदित है कि नदियों का एक अपना महत्व है। यह तथ्य सार्वकालिक सत्य है। इसी के चलते ही इनके किनारे पौराणिक समय में सभ्यताओं का विकास हुआ। आज भी उनके त्याग, उनके महत्व और अविरलता एवं स्वच्छता की गाथाएं हमारे सामने इतिहास की स्वर्णिम धरोहर हैं। विडम्बना यह रही कि अपने स्वार्थ और लोभ के वशीभूत व्यक्ति ने वर्तमान में इनके दोहन का कीर्तिमान बनाया। यही नहीं उसने इनको अपने उपभोग की वस्तु समझ लिया। उसके दोहन, शोषण के परिणाम स्वरूप आज़ स्थिति इतनी दुखदायी हो गयी है कि स्थानीय स्तर पर छोटी नदियां तो मर ही चुकी हैं। कुछ वेंटिलेटर पर सांसें गिन रहीं हैं, तो कुछ मैला ढोने वाली गाड़ी के रूप में हमारे सामने हैं। यह कटु सत्य है कि नदी स्वयं प्रकृति व मौसम के अनुरूप अपने रास्ते बनाती हैं। यही नहीं पचास से सौ वर्ष बाद भी वे पुनः अपने मूर्त रुप में दिखने लगती हैं। लेकिन तब तक मानव स्वयं उस क्षेत्र को छोड़कर अन्यत्र जाकर बस जाता है।राजस्थान के सरिस्का राष्ट्रीय बाघ परियोजना से निकलने वाली रुपारेल नदी की स्थिति भी ऐसी ही है जो अलवर जिले की सबसे बड़ी नदी होने के साथ अपने ऐतिहासिक महत्व के कारण इतिहास के पन्नों पर अंकित है। लेकिन आज वह स्वयं प्रजा पालक न होकर स्वयं वेंटिलेटर पर सांसें गिन रही है।

इतिहास प्रमाण है कि आज से दो से तीन दशक पूर्व तरुण भारत संघ के प्रमुख जल पुरुष राजेन्द्र सिंह ने इसके साथ ही पांच स्थानीय नदियों के पुनर्जीवित करने का कार्य किया था। लेकिन आज वे पांचों नदियां मरने के कगार पर हैं। आज उनका अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है।

गौरतलब है कि अलवर की ये नदियां प्रकृति पर निर्भर हैं। प्रकृति के सहयोग से ही मूसला धार वर्षा होने पर इसके रास्ते में बने अवरोधों को हटाने में इनको कुछ क्षण लगे हैं और यह भी सच है कि इन्होंने कुछ ही घण्टों में भरतपुर पहुंच कर तबाही भी मचाई है। जयसमन्द जैसे बांध की मोरी खोलने वाली रुपारेल अपने को वर्तमान में नहीं बचा पा रही है जबकि इसमें दो राय नहीं कि नदियां अपना रास्ता स्वयं साफ़ भी करती हैं लेकिन वह अपने साथ किसी भी किस्म की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करतीं।



असलियत में रूपारेल नदी का उद्गम राजस्थान के अलवर जिले की थानागाजी पंचायत समिति के उदयनाथ जी के नाले से होता है।यह धारा यहां से निकल कर भाल ( रायपुरा) की धारा को साथ लेकर मैजोड, टोड़ी, जोधावास, लाहाकाबास, अमराकाबास होते हुए थानागाजी के पूर्वी भाग से बहते हुए सरिस्का में होकर कालीघाटी, करणा का बास, कुणडलका, इनदोक, भर्तहरी की जल धाराओं को अपने में समाहित कर कुशलगढ़ में कालाखोरा, ताल वृक्ष, नांगल हेड़ी, रहका माला की जल धाराओं के साथ माधोगढ़ होते हुए लालपुरा तथा रईका धाराओं के साथ नटनी का बारा में प्रवेश करती है। बारां में इसे दो कृत्रिम भागों में बांट दिया गया है। एक भाग का पानी जयसमन्द बांध उमरैण में तथा दूसरा भाग अपने साथ पांडुपोल, करास्का, मालाखेड़ा क्षेत्र की जल धाराओं के साथ बहते हुए मिलकपुर, चिरवई के पास आकर रूपारेल की मुख्य धारा में अलवर, चांदोली, केसरोली, चिकानी, बहादरपुर तथा टोडली की धाराओं में मिल जाती है। रुपारेल की यह धार पूर्व दिशा में आगे बढ़ कर सीकरी पट्टी बांध में समाहित हो जाती है। यहां से इस नदी का पानी नदी रुप में नहीं बल्कि फ़ैल कर बहता है जो आगे विभिन्न जल धाराओं को साथ लेकर भरतपुर होते हुए आगरा के पास जाकर यमुना में मिल जाती है जहां से अनेकों नदियों के साथ समाहित होकर प्रयाग ( इलाहबाद) में राष्ट्रीय नदी गंगा में मिल जाती है। जो गंगा अंत में गंगा सागर में मिलकर सागर में समाहित हो जाती है।

असल में इस नदी का ऐतिहासिक एवम् सामरिक महत्व है। ऐतिहासिक रूप से दैव्य वंश, सूर्य वंश, चंद्र वंशी राजाओं के साथ ही महाभारत कालीन मत्स्य काल में भी इसका महत्व वर्णित है। बाबर ने बाबर नामा में रुपारेल नदी का नाम " मानसे - नै " अर्थात मानस नदी लिखा है और यह भी बताया है कि उस समय यह नदी कोटला झील में गिरती थी।इस नदी के जल विभाजन को लेकर अलवर और भरतपुर रियासतों के बीच काफी विवाद भी रहाहै। भरतपुर महाराज ने 1837 में तत्कालीन भारत की ब्रिटिश सरकार में अपील की थी। 1862 तक यह विवाद जल बंटवारे का विषय बना रहा। 1855 - 56 में बारां बैराज (नटनी का बारा) में अलवर भरतपुर को पानी का बंटवारा कर विवाद का हल किया गया। इसके बावजूद रियासतों में पानी के बंटवारे के बाद भी यह नदी हमेशा राजनैतिक, सामाजिक और धार्मिक आस्थाओं से जुड़कर चर्चा में बनी रही। रूपारेल वर्तमान में अलवर जिले की सबसे बड़ी व लम्बी नदी होने के साथ सर्वाधिक जल धाराओं को साथ लेकर बहने वाली नदी है। थानागाजी, मालाखेड़ा, उमरैण, रामगढ़, लक्ष्मणगढ़, अलवर पंचायत समितियों के भूगर्भ में जल की पूर्ति का मुख्य स्रोत यही नदी है।

बाघ परियोजना क्षेत्र सरिस्का के कारण रुपारेल का महत्व और भी बढ़ जाता है। परियोजना क्षेत्र में वन्यजीवों के पीने योग्य जल की पूर्ति इसी नदी व नदी के सहायक नालों से होती है। यह अपने उदगम स्थल से बारां तक 35 किलोमीटर के रास्ते में सरिस्का के कोर एरिया में से बहती है जो सरिस्का के पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखते हुए प्राकृतिक वनस्पतियों तथा वन्य जीवों को संरक्षण देती है।

असली समस्या तो आज इसके अस्तित्व की है जो खतरे में है। नदी के उद्गम से बारां तक तथा इससे आगे नदी पर होटलों -रेस्टोरेंटों के साथ आबादी का दबाव इसके अस्तित्व के लिए भीषण खतरा बनता जा रहा है ।इससे नदी पवित्रता खत्म होकर यह जहरीली होने लगी है। नदी के पेटे में बने गार्ज और झीलों में मछलियों सहित सभी पाये जाने वाले जीव ख़तरे में हैं। थानागाजी नगरपालिका द्वारा गंदें नालों को इसमें डालने के बाद यहां का पारिस्थितिकी तंत्र ही बदल गया है। नदी डायन जैसी दिखने लगी है। चारो ओर प्लास्टिक के अपशिष्टों का जमावड़ा होने से नदी के साथ वन्य जीवों को भी खतरा बढ़ गया है। दर्जनों अवरोधों से पानी की आवक कम हो गई है जिसके चलते नदी के पेटे में अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। आज जो नदी एक समय स्वयं पालक थी, वह आज अपनी सांसें गिन रहीं है। देखा जाये तो रुपारेल नदी स्वयं गंगा स्वरूप पवित्र नदी होने के साथ यह सरिस्का राष्ट्रीय अभ्यारण्य क्षेत्र की पर्यावरणीय पारिस्थितिकी को मज़बूत बनाने के साथ वन्य जीवों की जीवन दायिनी है।पर्यावरणीय दृष्टि से नदी का अपना महत्व होने के साथ अलवर जिले की आत्मा इसमें समाहित होती है। आज आवश्यकता है कि इसे शुद्ध, स्वच्छ बनाएं रखने के साथ इसकी अविरलता बरकरार रखने की,इसे प्रदूषण मुक्त रखने की, जहरीले गंदे पानी से बचाने की। साथ हीअतिक्रमण से दूर रखने के ठोस क़दम उठाए जाने की जिससे यह पुनः जीवित होकर अलवर की प्यास बुझा सके।

सच्चाई यह है कि रुपारेल नदी वर्तमान में वेल्टिनेटर पर सांसें गिन रही है। आबादी क्षेत्रों, होटलों, रेस्टोरेंटों का गन्दा ज़हरीला पानी व कचरा इसके पेटे में धकेला जा रहा है, जो पर्यावरणीय पारिस्थितिकी की दृष्टि से सरासर ग़लत है। नदी को उसके स्वभाव अनुरूप बिना अवरोध के बहने दिया जाए। साथ ही सरिस्का बाघ परियोजना को मद्देनज़र रखते हुए इसे अतिक्रमण मुक्त कराना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है अन्यथा यह जीवन दायिनी नहीं, डायन बन जाएगी। इसलिए नदी की स्वच्छता, अविरलता के साथ पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना बेहद जरूरी है।

**(लेखक पर्यावरणविद् एवं संयोजक, रूपारेल नदी बचाओ अभियान।)**


## संक्षिप्त खबर

### सडक दुर्घटना हादसें में एक महिला सहित चार जनें घायल



**चमकता राजस्थान, नदबई (राजवीर सिंह)।** नगर रोड़ स्थित भीटकी हनुमान मन्दिर के समीप असंतुलित होकर पेड़ से कार टकराने पर कार में सवार एक महिला सहित चार जनें घायल हो गए। घायलों को उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में दो जनों को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। सूत्रों की मानें तो भौसिंगा निवासी भूपेन्द्र सिंह पुत्र बीरी सिंह अपने परिजनों के साथ कार में सवार होकर नगर थाना क्षेत्र के गांव थून से नदबई आ रहा। इसी दौरान भीटकी हनुमान मन्दिर के समीप कार असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसके चलते कार में सवार भूपेन्द्र सिंह सहित सुरेखा पत्नी विश्वेन्द्र सिंह सहित दो अन्य घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घायलों को उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में भूपेन्द्र सिंह व सुरेखा को गंभीर स्थिति में जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

### भक्त के बस में है भगवान, खिदरपुर वालों ने किया कथा वाचक का सम्मान



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण )।** 24 से श्रीमद् भागवत कथा का किया जा रहा है ! आयोजन सहेड़ी नंदराम बाबा मंदिर पर जिसमें आज खिदरपुर वालों द्वारा कथा वाचक संत जगन्नाथ दास महाराज गुनपुर वालों का परीक्षित गणेश दास महाराज एवं सभी संत महात्माओं का माला सापा पहनाकर किया गया जोरदार स्वागत श्रीमद् भागवत कथा 11 जून से प्रारंभ हुई है ! और प्रतिदिन 11:00 बजे से 5:00 बजे तक की जाती है जिसमें लाखों की संख्या में भक्तगण आकर श्रीमद् भागवत कथा का आनंद ले रहे हैं ! जिसका विशाल भंडारा 19 जून को 11:00 बजे से प्रभु इच्छा तक चलाया जाएगा। कथा व्यास ने कहा भागवत कथा का मूल मंत्र सदाचार है। जो इसे अपना लेता है, समाज उसे सम्मानित करता है। ऐसे व्यक्ति से भगवान भी प्रेम करते हैं। भागवत कथा में भक्ति ज्ञान, वैराग्य, ज्ञानयोग, कर्मयोग, समाजधर्म, स्त्रीधर्म, राजनीति का ज्ञान भरा है। सभी संत जनों का स्वागत सम्मान कर कथा का आनंद लिया जिसमें कल्ला खिदरपुर, पप्पू पंडित खिदरपुर वाले, पार्षद डोंगर उर्फ बनवारी लाल शर्मा, रामनिवास ताजपुरा वाले, राकेश शर्मा खिदरपुर वाले, कान्हा शर्मा पार्षद संगीत शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### कायमखानी छात्रावास का किया विधिवत एवं जोरदार शिलान्यास



**चमकता राजस्थान, जयपुर/ भीलवाड़ा (खलील कुरैशी)।** सलूंबर के पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने कहा कि विकास के लिए दीनी तालीम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी जरूरी है क्योंकि धर्म आधारित शिक्षा से व्यक्तित्व का विकास होता है तो आधुनिक शिक्षा से समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है इसलिए किसी भी मजहब में धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ दुनियावी शिक्षा भी जरूरी है आईपीएस अधिकारी अली आज भीलवाड़ा के आरजिया चौराहे के निकट कामखानी महासभा द्वारा आयोजित एक शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।कायम खानी समाज के संस्थापक हजरत दादा नवाब कायम खान साहब की 605 वीं पुण्यतिथि एवं समाज के प्रमुख खिदमतगार मरहूम अब्दुल हमीद खान की स्मृति में शुक्रवार को आरजिया चौराहे के निकट कायमखानी समाज के छात्रावास का शिलान्यास कर आईपीएस अधिकारी अरशद अली तथा समारोह के अध्यक्ष हाजी उस्मान गनी कायमखानी एवं सुभाष नगर उस्मानिया मस्जिद के इमाम अब्बू बकर सिद्दीकी ने नींव का पत्थर रखा।समारोह को संबोधित करते हुए महासभा के संरक्षक एवं छात्रावास के लिए अपनी ओर से जमीन डोनेट करवाने वाले हाजी उस्मान गनी ने समाज के सभी लोगों से शिक्षा की ओर ध्यान देने का आ''ान किया , इमाम सिद्दीकी ने इस मौके पर कायमखानी समाज के जज्बे और कुर्बानियों का जिक्र कर देश सेवा के लिए मर मिटने वाले कायमखानी समाज की खूबियां बताई ।समारोह में मंच पर हाजी चांद खां, हाजी रमजान खान, जिला अध्यक्ष सांवत खां, अला नूर खां जिला अध्यक्ष चित्तौड़गढ़, हाजी सलीम खां, हाजी सिराज खां, हाजी मुंशी खां, हाजी हबीब खां सहित समाज के प्रमुख इमरान कायमखानी, मोहम्मद खान, डॉ. इशाक खान, शौकत खान, पार्षद इकबाल खान, पार्षद अजहर खान, ताज खान, जावेद खान, नहर खान थानेदार यूनुस अली यासीन खान, गुलशेर खान, याकूब खान अली शेर खान अब्बास अली महमूद खान, मुमताज खान सलीम खान जमील खान सहित कई गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार शहजाद खान, फारुक खान उपस्थित थे।

**विशेष उपलब्धि पर किया सम्मान**

समारोह में नीट परीक्षा 2024 में 90% अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले बिलाल खान कायमखानी तथा देश सेवा के लिए भारतीय अग्नि वीर सेवा में चयन होने पर समीर खान कायमखानी का महासभा की ओर से अभिनंदन किया गया, समारोह का संचालन भाजपा के युवा नेता एवं समाजसेवी एडवोकेट इमरान कायमखानी ने किया।

## शहीद गौरव की अनुकंपा नियुक्ति को मांग ने जोर पकड़ा

# मेरे बेटे को कुछ हुआ तो सीएम आवास पर करूंगी आत्मदाह





**चमकता राजस्थान**

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** अनुकंपा नियुक्ति के लिए गत तीन वर्ष तक भटकने और प्रशासन व सरकार की अनदेखी से परेशान होकर गौरव फौजदार इस चिलचिलाती गर्मी में पिछले चार दिन से अर्धसमाधि में है प्रशासन पिछले तीन साल से गौरव को नौकरी नही दे रहा है और गौरव सभी नेताओ, अधिकारियों मंत्रियों के दर-दर पर भटककर अपने जीवन से हताश हो चुका है। ज्ञात रहे कि पिछली कांग्रेस सरकार के समय सभी नेताओ ने गौरव को झांसे में रखकर उसे तीन साल तक भटकाया और उसकी भर्ती से सबंधित किसी भी तरह का पत्राचार गौरव को ना देकर उसे बहलाते रहे कि उसे जल्दी ही नौकरी मिल जायेगी। गौरव के भू समाधि लेने के बाद पूरे समाज का समर्थन उसे मिल रहा है।

**सांसद संजना जाटव भी समर्थन में पहुंची**

भरतपुर की नवनियुक्त सांसद संजना जाटव गौरव व उसकी माताजी से मिलने समाधि स्थल पहुंची और कहा कि वह अपने भाई की लड़ाई में सड़क से लेकर संसद तक साथ हैं और संसद में उसकी आवाज को बुलंद करेंगी व प्रशासनिक अधिकारियों से भी इस संदर्भ बात करेंगी। एक फौजी के बेटे को उसका हक मिलना चाहिए।संजना जाटव से मिलने के बाद गौरव की माताजी ने कहा कि मेरे पति मेरे बेटे को 3 महीने का छोड़कर शहीद हुए थे मैने बड़ी मुश्किलों से उसे पाला है। बेटा पिछले तीन साल से नेताओ के चक्कर काट काटकर थक चुका है अगर उसे कुछ हो गया तो मैं सीएम आवास पर आत्मदाह कर लूंगी।

**अधिकारी जबरदस्ती गौरव को उठाने पहुंचे**

शाम 6 बजे के बाद समाधि स्थल पर पुलिस का जमावड़ा शुरू हो गया और अधिकारियों का आना शुरू हुआ। अधिकारी गौरव को बिना किसी आवश्वासन के उठाने की जिद करने लगे जिसे आंदोलनकारियों ने बिलकुल नकार दिया।गौरव की तबियत बिगड़ी लेकिन बार बार कहने के बावजूद उसकी सुबह के मेडिकल चेक अप की रिपोर्ट आंदोलनकर्मियो को नही सौंपी। आंदोलनकारियों की सख्ती के बाद मेडिकल टीम आई लेकिन प्रशासन के दवाब में उन्होंने कहा कि गौरव को तबियत ठीक नहीं हैनिसे भर्ती करने की जरूरत है। लेकिन आंदिलनकारियों ने कहा कि हमे आप सुबह से रिपोर्ट नही दे रहे ना ही प्रोब्लम बता रहे हैं बिना रिपोर्ट के कैसे आप उसे उठा सकते हैं। क्या इलाज देंगे बार बार बिना मेडिकल रिपोर्ट की बात पर अड़ने पर आंदोलनकारियों और मेडिकल टीम में हल्की झड़प भी हुई और आंदोलनकारियों ने कहा कि हम बाहर के डॉक्टर से जांच व इलाज कराएंगे। रात में निजी डॉक्टर बुलवाकर गौरव की जांच कराई गई और डॉक्टर ने धरना स्थल पर ही इलाज किया। प्रशासन को आंदिलनकारियो ने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द गौरव की नौकरी के लिए आवशयक कार्यवाही करके उसे उसका हक दें अगर गौरव को कुछ हो गया तो भरतपुर में कुछ भी हो सकता है। आमजन सरकार के इस अन्याय के खिलाफ उद्वेलित है और कुछ अनहोनी होने पर कानून व्यवस्था को जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह

### 21 को सवाई मानसिंह स्टेडियम में होगा आयोजन



**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संपूर्ण प्रदेश में आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्य स्तरीय आयोजन होगा। वहीं, जिला मुख्यालयों, ब्लॉक मुख्यालयों एवं पंचायत समिति मुख्यालयों पर भी 21 जून को प्रातः 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास किया जाएगा।राज्य स्तरीय समारोह के सफल आयोजन के लिए शनिवार को कलक्टर सभागार में आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजन समितियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निदेशक ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए समिति प्रभारियों को दिशा निर्देश प्रदान किये। साथ ही योग स्थल पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए 8 टीमों का गठन किया गया। प्रत्येक टीम में 5 सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है।बैठक में अतिरिक्त निदेशक एवं राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी जयपुर संभाग डॉ. सीतेश्वर प्रसाद भारद्वाज, मुख्य कार्यकारी अधिकारी औषध पादप मण्डल डॉ. बत्तीलाल बैरवा, सहायक निदेशक डॉ. समय सिंह एवं डॉ. दिनेश कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार इंडियन मेडिसिन बोर्ड डॉ. कमल चन्द शर्मा, उपनिदेशक कैम्प कार्यालय डॉ. घनश्याम मीणा, सहायक निदेशक डॉ. रमेश मीणा एवं डॉ. जगदीश प्रसाद बैरवा, उपनिदेशक जयपुर व डॉ. कैलाश चन्द शर्मा, सहायक निदेशक डॉ. अंशुमान चतुर्वेदी एवं अन्य समितियों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 करोड़ कीमत की 400 ग्राम हेरोइन पकड़ी



**चमकता राजस्थान, जयपुर/हनुमानगढ़ (खलील कुरैशी)।** हनुमानगढ़ जिले की पीलीबंगा थाना पुलिस की टीम ने शनिवार को गोलूवाला तिराहे पर नाकाबंदी में एक एक्सयूवी में सवार हरियाणा के तीन कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार कर 400 ग्राम हेरोइन व बिक्री रकम 1.07 लाख रुपये जब्त किये है। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 करोड़ रुपए है।एसपी विकास सांगवान ने बताया कि आईजी रेंज ओम प्रकाश के निर्देश पर वृत रावतसर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की धर पकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष शर्मा व सीओ हंसराज बैरवा के सुपरविजन में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसएचओ पीलीबंगा भूप सिंह सहारण के नेतृत्व में शनिवार को गोलूवाला तिराहे पर एसआई सुमन मय टीम द्वारा नाकाबंदी की गई थी। नाकाबंदी के दौरान हनुमानगढ़ की ओर से आ रही हरियाणा नंबर की लग्जरी गाड़ी एक्सयूवी को रुकवाया गया। गाड़ी में हरियाणा के तस्कर जग्गा सिंह पुत्र राम सिंह रायसिख (36), गुरविन्द्र सिंह पुत्र जगदीप सिंह रामगढ़िया (25) एवं संदीप घिंटाला पुत्र मनीराम जाट (26) निवासी बणी थाना राणिया जिला सिरसा हरियाणा सवार थे।पुलिस ने इनके पास से तलाशी में बरामद की 400 ग्राम हेरोइन एवं बिक्री रकम 107500 जब्त कर लिए। तीनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल राकेश मीणा एवं कांस्टेबल संदीप की विशेष भूमिका रही।एसपी सांगवान ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर जग्गा सिंह एवं संदीप घिंटाला के विरुद्ध एनडीपीएस एवं आबकारी एक्ट में हरियाणा के सिरसा जिले में कुल 16 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। दोनों कुख्यात हेरोइन तस्कर है, इनका नेटवर्क पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली व अन्य राज्यों तक फैला हुआ है। पूछताछ में भी इन्होंने हेरोइन की तस्करी अन्य राज्यों में करना स्वीकार किया है। थाना पुलिस की टीम इनके नेटवर्क एवं अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है।

## सुकून जिंदगी कैसे गुजारे पर होगा एक दिवसीय सेमिनार

**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर की ओर से 22 जून शनिवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन सांगानेर के कोहिनूर हॉल में किया जाएगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ एवं बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे। पुर सुकून जिंदगी कैसे गुजारे विषय पर बाद नमाज़े इशा रात 9:30 बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देश भर के स्कॉलर एवं इस्लामी विद्वान भी शामिल होंगे। मुख्य अतिथि के तौर पर अमीर सुन्नी दावते इस्लामी हज़रत मौलाना मोहम्मद शाकिर अली नूरी साहब ( मुंबई) पुर सुकून जिंदगी कैसे गुज़ारे कुरान व हदीस की रोशनी मे प्रकाश डालेंगे। यह प्रोग्राम मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रज़वी साहब की सरपरस्ती व मौलाना सैय्यद मोहम्मद क़ादरी साहब की निगरानी मे आयोजित होगा।

## मां शाकंभरी के दरबार में सहस्त्रचंडी महायज्ञ की तैयारिया जोर शोर से

**चमकता राजस्थान**

**उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल शाकंभरी सकराय धाम में कुलदेवी मां शाकंभरी के आशीर्वाद और प्रेरणा से आषाढ़ सुदी गुप्त नवरात्र के पावन अवसर पर मां शाकंभरी सेवा समिति, सकरायधाम (रजी) के तत्वाधान में 6 जुलाई से 15 जुलाई 2024 तक निकटवर्ती धार्मिक स्थल सकरायधाम की पावन धरा पर मां शाकंभरी हवनात्मक सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस 9 कुंडिय सहस्त्रचंडी महायज्ञ का आयोजन 6 जुलाई से 15 जुलाई 2024 तक समिति के तत्वावधान में किया जाएगा, जिसके लिए आज भूमि पूजन का आयोजन किया जाएगा। सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन देश में शांति, सभी भक्तो की मनोकामन को पूर्ण करने हेतु किया जा रहा है, यह महायज्ञ भाग्य उदय करने वाला है जिसकी लालिमा में सर्व विकार नष्ट होकर जीवन कांतिमय एवं ओजपूर्ण बनता है। महायज्ञ के भूमि पूजन कार्यक्रम में श्री दयानाथ जी महाराज शाकंभरी माता मंदिर सकरायधाम, श्री अग्र पीठाधीश्वर श्री राघवाचार्य जी वेदांती जानकी नाथ जी का बड़ा मंदिर रेवासा, श्री अवधेशाचार्य जी महाराज सूर्य मंदिर लोहगर्ल, श्री चेतन नाथ जी महाराज सिद्धेश्वर आश्रम मुकंदगद, श्री जीत नाथ जी महाराज डूंडलोद, आचार्य पंडित विक्रम शास्त्री (यागिक)



श्रीमाधोपुर, पंडित आदित्य शर्मा रेवासाधाम, आदि की पावन उपस्थिति में संपन्न होगा। इस महायज्ञ के लिए समिति के द्वारा सभी तैयारीया शुरू कर दी गई है। समिति के कोषाध्यक्ष संदीप रामूका ने बताया कि आयोजन को लेकर मैया भक्तो और कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क किया जा रहा है।समिति ने सभी भक्तों से निवेदन किया है कि महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारे और महायज्ञ को और ज्यादा दिव्य और भव्य बनाए।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा कुर्बानी का त्यौंहार ईदुल अजहा

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** ईदुल अजहा के मौके पर प्रदेश भर में कुर्बानी का सिलसिला सोमवार से शुरू होगा। इस कड़ी में शहर जयपुर में भी विभिन्न स्थानों पर 3 दिन तक कुर्बानी का सिलसिला चलेगा। लोग अपनी श्रद्धा अनुसार व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुर्बानी के वाजिब अरकान में शामिल होंगे। इस दौरान विभिन्न संगठनों की ओर से सामूहिक कुर्बानी का आयोजन किया जाएगा। वही लोग व्यक्तिगत रूप से भी कुर्बानी का सिलसिला 3 दिन तक जारी रखेंगे। इसी कड़ी में राजस्थान की सबसे बड़ी कुर्बानी पिछले 17 साल से मरकज़ आलमी तहरीक सुन्नी दावते इस्लामी व दारुल उलूम नूरी सुन्नी सेन्टर जयपुर के तत्वाधान में की जाएगी। हर साल की तरह इस साल भी इज्तेमाई कुर्बानी का आयोजन किया जाएगा। इस्लामिक स्कॉलर मौलाना सैयद मोहम्मद कादरी ने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि ज़्यादा से ज़्यादा इस हिस्से वाली अर्थात सामूहिक कुर्बानी मे हिस्सा लेकर दीनी इदारो को मज़बूत बनाए और अपना वाजिब कम खर्च मे अदा करे।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की मानसरोवर थाना क्षेत्र में कार्रवाई

# विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन गिरोह के सक्रिय दो सदस्यों को अवैध हथियारों सहित पकड़ा

- दो देशी पिस्टल, दो मैगजीन, दो देशी कट्टे, तीन जिंदा कारतूस व दो लग्जरी कार बरामद
- जयपुर शहर में बड़ी वारदात को देने वाले थे अंजाम



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने मानसरोवर थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन गिरोह से जुड़े दो सक्रिय सदस्यों को दबोच कर कईअवैध हथियार भी बरामद किए गए हैं। पकड़े गए दोनों बदमाश बहरोड जिले में सक्रिय है। जयपुर में किसी अप्रिय वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, उससे पहले ही एजीटीएफ ने इन्हें दबोच लियाअतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश राहुल बड़ावास उर्फ अटैक पुत्र कैलाश चन्द दर्जी (29) गांव बड़ावास थाना कोटपूतली एवं विशाल यादव उर्फ विक्की पुत्र फूलचंद (33) गांव लाड़ीपुरा थाना रायसर जिला जयपुर ग्रामीण हाल दिव्या रेजिडेंसी मांग्यावास थाना मानसरोवर क्षेत्र के रहने वाले हैं।बदमाश राहुल बड़ावास के पास से एक पिस्टल, दो देशी कट्टे, दो कारतूस, एक मैगजीन व औरा कार तथा विशाल यादव उर्फ विक्की के पास से एक पिस्टल मय मैगजीन, एक जिंदा कारतूस व अर्टिगा कार बरामद की गई हैं। अवैध हथियार के साथ जयपुर में पकड़े गए यह दोनों बदमाश किसी वारदात की फिराक में थे। इस संबंध में थाना पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।एडीजी एमएन ने बताया कि राज्य में सक्रिय आपराधिक गिरोह एवं उनके सक्रिय सदस्यों, वांटेड क्रिमिनल्स एवं अवैध गतिविधियों में लिप्त बदमाशों के बारे में आसूचना संकलन के लिए डीआईजी योगेश यादव एवं एजीटीएफ के एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश के सुपरविजन में टीमों को राज्य के अलग-अलग शहरों में भेजा गया है एमएन ने बताया कि टीम प्रभारी इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत को इनके बारे में इनपुट मिला था। टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल हेमंत शर्मा व कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा द्वारा इसे डवलप कर पुख्ता किया गया। इसके बाद मानसरोवर थाना पुलिस को सूचना देकर उनके सहयोग से एजीटीएफ की टीम ने मानसरोवर थाना क्षेत्र के भारत माता सर्कल के पास से बदमाश राहुल बड़ावास उर्फ अटैक को तथा भृगु पथ से बदमाश विशाल यादव उर्फ विक्की को अवैध हथियारों सहित धर दबोचा।

**लॉरेंस बिश्नोई व विक्रम गुर्जर के गुर्गे हरि बॉक्सर ने मध्य प्रदेश से दिलवाये थे हथियार**

पकड़े गए दोनों बदमाश लूट, डकैती, मारपीट, फिरौती, जानलेवा हमला, फायरिंग इत्यादि की घटनाओं में शामिल है। इनके विरुद्ध विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है। अवैध हथियारों के संबंध में पूछताछ में सामने आया कि इन दोनों बदमाशों को लॉरेंस बिश्नोई व विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन के गुर्गे हरि बॉक्सर ने मध्य प्रदेश के खंडवा में देशनोक के एक व्यक्ति से व्हाट्सएप पर कॉल कर हथियार दिलवाए थे।एडीजी ने बताया कि एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत की विशेष भूमिका व हैड कांस्टेबल हेमंत शर्मा व कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा का तकनीकी सहयोग रहा। टीम में शामिल हैड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा, रामनिवास व कमल, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह एवं चालक दिनेश शर्मा का भी सहयोग रहा। दोनों बदमाशों की गिरफ्तारी एसएचओ मानसरोवर राजेश गोदारा मय टीम द्वारा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### आज होगा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**चमकता राजस्थान। हिंडौन (राजवीर सिंह)।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं रक्तदाता पुष्पेन्द्र गारूवाल करई ने बताया कि उनके पुत्र यश गारूवाल के जन्मदिन पर आज 16 जून रविवार को स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर हिंडौन सिटी में रक्तदान सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा।

### जिले के शराब अनुज्ञाधारियों के साथ बैठक, अनुज्ञाधारियों ने लिया उत्पाती प्रवृत्ति के लोगों को शराब न बेचने का संकल्प




**चमकता राजस्थान धौलपुर( रामदास तरुण)धौलपुर, 15 जून** को जिला कलक्टर निधि बी टी एवं पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा की अध्यक्षता में जिले के समस्त शराब अनुज्ञाधारियों के साथ शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी घनश्याम शर्मा व आबकारी निरीक्षक वृत्त बाड़ी धर्मवीर पचौरी उपस्थित रहे। बैठक में लाइसेंस धारकों से उनको वर्तमान में आ रहीं समस्याओं को सुना तथा उनको निराकरण हेतु आश्वासन दिया। बैठक के दौरान अधिक से अधिक राजस्व अर्जन हेतु भी सार्थक चर्चा की गई। राजस्व वृद्धि हेतु अनुज्ञा धारियों को प्रोत्साहित किया गया। जिले के समस्त लाइसेंस धार-कों ने संकल्प लिया कि ऐसे शराबी या आदतन अपराधी जो शराब पीकर घर या सार्वजनिक स्थान पर मारपीट व उत्पात मचाते हैं ऐसे व्यक्तियों या अत्यधिक शराब पीने वालों को मदिरा की बिक्री नहीं की जायेगी इससे समाज में शांति व सुधार का भाव भी उत्पन्न होगा।

### श्री तेजाजी विकास समिति ट्रस्ट सुरसुरा ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी को दिया ज्ञापन

**चमकता राजस्थान। अज़मेर ।** देश विदेश में प्रसिद्ध लोक देवता श्री वीर तेजाजी महाराज की कर्म एवं निर्वाण स्थली सुरसुरा (मुख्य धाम) के नव निर्माण तेजा सरोवर (कुण्ड) का कार्य प्रगति पर है। तेजा सरोवर के निर्माण के लिए पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तेजा सरोवर के निर्माण कार्यों की डी.पी.आर. के अनुसार लागत राशि 23 करोड़ रूपये की बनाई गई पिछली कांग्रेस सरकार ने उक्त कार्य को करने के लिये 6 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई। तेजा सरोवर व मन्दिर नव निर्माण के लिये शेष 17 करोड़ रूपये की अविलंब स्वीकृति जारी कराने एवं सुरसुरा को पर्यटन धाम के रूप में विकसित करने का किया आग्रह अतिरिक्त जिला कलेक्टर को एनजीओ के कार्यकर्ता से दुर्व्यवहार करना पड़ा भारी

### राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कार्यकर्ता से दुर्व्यवहार करते हुए अपमानित करने वाले मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए

**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )**जिला धौलपुर में 12 जून 24 को अंतरराष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस पर जिले में हो रहे बालश्रम के खिलाफ रेस्क्यू कर कार्यवाही करने के लिए सभी विभाग और एनजीआ को जिला क्लेक्टर निधि बीटी ने 29 मई को आदेश जारी किए गए थे। विभाग को एक जून से लेकर 30 जून तक बाल श्रम के खिलाफ कार्यवाही करनी है। 12 जून 24 को अंतरराष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस पर बालश्रम के खिलाफ रेस्क्यू करने को लेकर सभी सदस्य एकत्रित हुए। एनजीओ के सदस्यों द्वारा श्रम विभाग, बाल अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को फोन करके अवगत कराया लेकिन किसी भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करवाने के लिए उपस्थित नहीं हुए और न ही वाहन भेजा गया। टीम एडीएम ब्रह्म लाल जाट के पास पहुंची एडीएम ब्रह्मलाल जाट ने कहा की एनजीओ वालों का क्या रोल है, एनजीओ वालों से में बात नहीं करता संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजो।

### युवा चेतना समिति धौलपुर द्वारा अन्न क्षेत्र फाउंडेशन जयपुर के सहयोग से प्राप्त, खाद्य सामग्री गरीब बस्तियों में वितरण



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )** धौलपुर जिले कि सरमथुरा उपखंड कि गांव गोदनापुरा, कॉकरेट एवं सुनीपुर में आज युवा चेतना समिति एवं अन्य क्षेत्र फाउंडेशन जयपुर के सहयोग से प्राप्त खाद्य सामग्री जैसे बॉर्नविटा, बिस्कुट, टाफी आदि सामग्री विकलांग, असहाय, महिला पुरुषों को एवं अति कुपोसित बच्चों को बॉर्नविटा के डिब्बे वितरण किये और बच्चों को बिस्कुट आदि खाद्य सामग्री वितरण की गयी, बॉर्नविटा एवं बिस्किट पाकर बच्चों के खिले चेहरे, हमने इतने महंगे बिस्किट कभी नहीं खाए हैं,! और यह भी पूछने लगे कि आप दोबारा कब बाटने आओगे! यह तो आपने बहुत अच्छा पुण्य का कार्य किया है! हमारी संस्था युवा चेतना समिति द्वारा हर समय अति कुपोषित बच्चे, गरीब, अशहाय, विकलांग अनाथ परिवारों का आर्थिक सहयोग, एवं मददगार बनाकर कार्य कर रही है, संस्था को भामाशाहों की सख्त जरूरत है! जिससे संस्था अधिक मजबूती से कार्य कर सके, मो. 9928 9330 84, अन्न क्षेत्र फाउंडेशन जयपुर से डॉ. विवेक अग्रवाल, संस्था पदाधिकारी रामदास तरुण अध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण गौड सचिव, सुरेश चंद सेमल, मनोज सरदार, राजेश, यसपाल चौधरी, कमला देवी, विश्वेंद्र सिंह, रामबाबू, आशा बाई, मनीष बंसी, जगदीश अध्यापक, लखन सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे!

# केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी का भाजपा नेता उपेन यादव ने नेतृत्व में किया गया भव्य स्वागत

## उपेन यादव ने मंत्री से शाहपुरा क्षेत्र में पेयजल समस्या से कराया अवगत

### मंत्री ने हर हाल में शाहपुरा क्षेत्र में पीने का पानी मुहैया कराने का दिया आश्वासन

**चमकता राजस्थान**

मनोहरपुर (खलील कुरैशी) केंद्रीय राज्य कृषि मंत्री व अजमेर से नवनिर्वाचित सांसद भगीरथ चौधरी मनोहरपुर पहुंचे इस दौरान भाजपा विधायक प्रत्याशी उपेन यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर व साफा बांधकर कर स्वागत किया। दरअसल, केंद्रीय कृषि एवम कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी दिल्ली से जयपुर जा रहे थे। इस दौरान मंत्री का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। इस दौरान उपेन यादव ने मंत्री चौधरी को शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में पेयजल समस्या से अवगत कराते हुए निराकरण करने की मांग की। इस पर मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार राजस्थान में पानी की समस्या को दूर करने के लिए तत्पर है और एफ्छढ के माध्यम से पानी की समस्या दूर की जाएगी। उन्होंने हर हाल में शाहपुरा में पीने का पानी मुहैया करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राजस्थान में डबल इंजन की सरकार है। देश व प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। शाहपुरा से उपेन यादव हारा जरूर है लेकिन भाजपा का विधायक तो यही है। मंत्री चौधरी ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने में मोदी जी के करिश्माई नेतृत्व का कमाल रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बिहार में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश करें, बिहार सरकार आपके साथ है: नीतीश मिश्रा

**नई दिल्ली/एजेंसी**

बिहार पर्यटन के क्षेत्र में निवेश और व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में इन्वेस्टमेंट मीट और रोड शो शुक्रवार को संपन्न हुआ। चाणक्यपुरी स्थित अशोका होटल में यह कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया गया। इन्वेस्टमेंट मीट को संबोधित करते हुए बिहार में विरासत भी है और उनका विकास भी हो रहा है। बिहार में आप निःसंकोच निवेश के लिए आइए, सरकार आपके साथ खड़ी रहेगी। हम देश भर में रोड शो के साथ निवेश सत्र आयोजित कर रहे हैं, अगले माह कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। हमारे यहां ताज, हयात और सरोवर ग्रुप ने निवेश किया है। आप भी आएं, आपके लिए सीधी सब्सिडी सहित कई सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मैं मिथिला से आता हूँ तो मिथिला का आतिथ्य भाव आपको मिलेगा, इसका भरोसा दिलाते हैं। बिहार पर्यटन सचिव श्री अभय कुमार सिंह ने कार्यक्रम में दिल्ली स्थित पर्यटन उद्योग से जुड़े व्यवसायी, ट्रैवेल एजेंट, टूर ऑपरेटर्स, होटेलियर्स आदि को संबोधित करते हुए उनसे बिहार पर्यटन विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों की जानकारी साझा की। पर्यटन सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में पर्यटन के क्षेत्र में सभी सर्किट्स में आधारभूत संरचनाओं के साथ पॉलिसी के स्तर पर काफी काम किया जा रहा है, जिसमें पर्यटन उद्योग में सब्सिडी से लेकर कई सुविधाएं दी जा रही है। इसके सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं, इसे और बेहतर किया जा रहा है।

स्थानिक आयुक्त श्री कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार सरकार की नई उद्योग नीति में निवेशकों के लिए काफी अवसर सृजित हुए हैं। इसके कारण औद्योगिक निवेश में काफी वृद्धि हुई है। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2023 में 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के एमओयू हुए हैं, इसके कारण सामान्य औद्योगिक गतिविधियों से लेकर पर्यटन के क्षेत्र में निवेश हो रहे हैं। इससे परिदृश्य में बेहतरी आ रही है। उन्होंने आगे कहा कि वह स्थानिक आयुक्त के साथ निवेश आयुक्त भी हैं तो यदि किन्हीं को कोई भी परेशानी है तो वह किसी भी समय उनसे संपर्क कर सकते हैं। पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक नंद किशोर ने पर्यटन नीति की बारीकियों को सबके सामने रखा। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों के टूर ओपेरेटर्स या होटेलियर्स को केवल बिहार में एक दफ्तर खोलना होगा और जीएसटी लेनी होगी। इसके बाद वह भी होटल निर्माण, थीम रेस्तरां व पार्क, मेडिटेशन सेंटर, गोल्फ कोर्स, रूरल विलेज आदि बनाने के लिए 25 करोड़ रुपये तक के अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बिहार पर्यटन निदेशक श्री विनय कुमार राय ने कहा कि बिहार में 2023 में 8.21 करोड़ घरेलू और विदेशी पर्यटक बिहार पहुंचे हैं। हमें इस आंकड़े को और बेहतर करना है। कार्यक्रम में बिहार की नयी पर्यटन नीति, पर्यटकीय सुविधाओं के विकास की अद्यतन स्थिति को पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया गया। इसके साथ ही सवाल-जवाब का सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें पर्यटन सचिव ने सभी हितधारकों के सवालों के जवाब दिए। धन्यवाद ज्ञापन पर्यटन निगम के जीएम श्री अभिजीत कुमार ने किया।

### बंगाल हिंसा का जायजा लेने के लिए भाजपा ने किया समिति का गठन

**नई दिल्ली/एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के बाद हो रही राजनीतिक हिंसा का जायजा लेने के लिए भाजपा ने त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब के नेतृत्व में चार नेताओं की समिति का गठन किया है। यह समिति शीघ्र ही पश्चिम बंगाल का दौरा कर, हिंसा की घटनाओं की पूरी रिपोर्ट भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपेगी। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को इस समिति का संयोजक बनाया गया है। इस चार सदस्यीय समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल और सांसद कविता पाटीदार को भी शामिल किया गया है। समिति के गठन के साथ ही भाजपा ने पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा के लिए ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा, भारत के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में हाल ही में लोकसभा चुनाव संपन्न हुए हैं। लोकसभा आम चुनाव के साथ-साथ तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव भी हुए और सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। पश्चिम बंगाल को छोड×कर कहीं भी राजनीतिक हिंसा की कोई घटना नहीं हुई है। पश्चिम बंगाल ही एकमात्र ऐसा राज्य है जो चुनाव के बाद हिंसा की चपेट में है, जैसा कि हमने वहां 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद देखा था। भाजपा ने आगे आरोप लगाया, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मूकदर्शक बनी हुई हैं, जबकि उनकी पार्टी के अपराधी बेखौफ होकर विपक्षी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं पर हमला कर रहे हैं और उन्हें डरा-धमका रहे हैं। कोलकता उच्च न्यायालय ने भी इसे गंभीरता से लेते हुए सीएपीएफ की तैनाती 21 जून तक बढ़ा दी है और मामले को आगे की समीक्षा के लिए 18 जून को सूचीबद्ध किया है। पश्चिम बंगाल में हो रही राजनीतिक हिंसा की घटनाओं का जायजा लेने के लिए एक समिति का गठन किया है, जो शीघ्र ही पश्चिम बंगाल का दौरा करेगी तथा हिंसा की घटनाओं की पूरी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपेगी।

### नीतीश कुमार की अचानक बिगड़ी तबीयत, हॉस्पिटल में कराया गया भर्ती

**पटना/एजेंसी।** बिहार से बड़ी खबर सामने आ रही है. यहां मुख्यमंत्रती नीतीश कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई है. तबीयत बिगडऩे के बाद नीतीश कुमार को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां चिकिस्तकों की टीम उनका इलाज कर रही है. मिली जानकारी के मुताबिक नीतीश कुमार के हाथों में तेज दर्द उठा. दर्ज क्यों और कैसे उठा इसको लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन हाथों में उठे दर्ज के असहनीय होने पर उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती कर लिया. जेडीयू चीफ और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पटना स्थिति मेदांता हॉस्पिटल में अडमिट कराया गया है. सीएम नीतीश का इलाज हड्डी रोग डिपार्टमेंट में हो रहा है. बता दें कि बीते कुछ समय से लगातार नीतीश कुमार की तबीयत खराब चल रही है. लोकसभा चुनाव के दौरान भी वह कई बार बीमार हुए थे. बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान व्यस्त कार्यक्रमों की वजह से उन्हें आराम करने का वक्त नहीं मिला. इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह से लेकर अन्य कार्यक्रमों के चलते भी उनका शेड्यूल काफी व्यस्त रहा. बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 जून को पटना पहुंच रहे हैं. यहां पर वह नालांदा यूनिवर्सिटी के न्यू कैंपस का उद्घाटन करेंगे. यही नहीं मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में उनका पहला बिहार दौरा होगा. ऐसे में नीतीश कुमार की तबीयत बिगडऩे से यह दौरा अधूरा रह सकता है. यही नहीं 29 जून से जेडीयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक भी होना है. इस बैठक के दौरान संगठन को लेकर बड़े फेर-बदल के संकेत भी लगातार सामने आ रहे हैं. नीतीश कुमार जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ऐसे में इस बैठक में उनकी मौजूदगी काफी मायने रखती है. अब जब जेडीयू बिहार के साथ-साथ केंद्र में भी अपना महत्वपूर्ण दखल रखती है ये बैठक आगे दशा और दिशा तय करने के लिए काफी अहम मानी जा रही है. ऐसे में नीतीश के जल्द ठीक होने पर ही आगे के समीकरण बने रह पाएंगे.

# एनडीए सरकार गलती से बनी, बयान पर घिरे मल्लिकार्जुन खरगे

### रामदास आठवले ने दी ये सलाह

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अपने एक बयान को लेकर विपक्षी दलों के निशाने पर आ गए हैं। आरपीआई के नेता और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले और जेडीयू के नेता केसी त्यागी ने उन्हें इस बयान पर घेरा है। दअसल खरगे ने कहा था कि एनडीए सरकार गलती से बनी है। पीएम मोदी के पास जनादेश नहीं है... ये सरकार कभी भी गिर सकती है... हम सब लोगों को देश को मजबूत बनाने के लिए काम करना चाहिए लेकिन हमारे प्रधानमंत्री की आदत यह है कि जो चीजें ठीक से चलती हैं वे उसे चलने नहीं देते हैं...

इस पर केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा, मैं मल्लिकार्जुन खरगे से पूछना चाहता हूं कि जब मनमोहन सिंह की सरकार बनी थी तब यूपीए गठबंधन के साथ बनी थी। कांग्रेस पार्टी के पास भी बिल्कुल बहुमत नहीं था। इंडिया गठबंधन के लोग कहते रहते हैं कि सरकार नहीं चलेगी, जब यूपीए की सरकार बनी थी तो भाजपा की ओर से ऐसा कोई सवाल नहीं उठाया जाता था। मल्लिकार्जुन खरगे को मेरी सलाह है कि आप विपक्ष की भूमिका को निभाएं।

केसी त्यागी ने यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे यह दावा कर रहे हैं कि यह सरकार ज्यादा दिन तक टिकने वाली नहीं है, उन्होंने कहा कि खरगे जी की ये बद्दुआएं हैं, ये इच्छाएं नहीं हैं। केसी त्यागी ने विपक्ष के द्वारा कही जा रही इस बात का भी खुलकर जवाब दिया कि जदयू ने सरकार में रहने के लिए लोकसभा स्पीकर का पद मांगा है।

उन्होंने कहा कि आमतौर पर इस तरह का विचार होता है कि जो पार्टी सत्ता में होती है लोकसभा के स्पीकर का पद उसके पास होता है। इसके साथ यह भी मान्यता है कि जो बड़ा घटक दल होता है उसके पास ये पद आरक्षित रहता है। हमने या हमारे नेता नीतीश कुमार ने कि-सी भी स्टेज पर ना तो इस पद की मांग की है ना ही हमारे दिलो दिमाग में इस तरह की कोई बात है। ऐसे में भाजपा इस पद के लिए जिस उम्मीदवार का चयन करेगी हमारा समर्थन हमेशा से उसके साथ रहेगा।

विपक्ष द्वारा लगातार फैलाए जा रहे एनडीए गठबंधन को लेकर अफवाहों पर उन्होंने कहा कि हम ऐसी किसी भी अफवाह को सिरे से खारिज करते हैं और हम जदयू के सभी साथी इस गठबंधन में अच्छा महसूस कर रहे हैं और हमें इस गठबंधन में किसी तरह के टूट-फूट की कोई आंशका नहीं है।

# फादर्स डे पर डॉल्फिन हाई स्कूल ने करवाया फादर्स डाल्फिन प्रीमियर लीग का आयोजन

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर ( खलील कुरैशी)** जयपुर के प्रताप नगर स्थित डॉल्फ़िनि हाई स्कूल ने कल फादर्स डे के सम्मान में एक बेहद सफल कार्यक्रम का आयोजन किया। फादर्स डॉल्फ़िनि प्रीमियर लीग (एफडीपीएल) के नाम से जाना जाने वाला यह आयोजन ज़बरदस्त सफल रहा, जिसमें फादर्स ने रोमांचक मैचों की श्रृंखला में भाग लिया। दिन का पहला मैच डॉल्फ़िनि हाई स्कूल-क और डॉल्फ़िनि हाई स्कूल-क्कके बीच हुआ। दूसरा मैच डॉल्फ़िनि इंटरनेशनल स्कूल, कंवर नगर और डॉल्फ़िनि इंटरनेशनल स्कूल, राजा पार्क के बीच हुआ। मैच अत्यधिक प्रतिस्पर्धी थे और इसमें भाग लेने वाले फादर्स की अपार प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन हुआ।मैच की अंतिम विजेता टीम डॉल्फ़िनि हाई स्कूल प्रताप नगर और उपविजेता टीम डॉल्फ़िनि इंटरनेशनल स्कूल राजा पार्क रही। मैच के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज राज मोहन शर्मा, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मो. -शोएब खान. टूर्नामेंट के बेस्ट ऑफ द मैच रवि रंजन कुमार और तीन मैचों के मैन ऑफ द मैच धर्म राज चौधरी, उमैर और शाकिब रहे। अंत में सभी फादर्स को उनकी खेल भावना के लिए डॉल्फिन्स हाई स्कूल, प्रताप नगर की प्रिंसिपल ने पदक देक-र सम्मानित किया गया। इस तरह के आयोजन न केवल स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं बल्कि परिवारों के बीच समुदाय और एकजुटता की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।



## एक नजर

### पिकअप वाहन ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर चालक- खलासी घायल



**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के एनएच 57 फोरलेन सड़क पर आबिद बाबू पेट्रोल पंप के पास सड़क के किनारे खड़े मालवाहक ट्रक में पीछे से पिकअप गाड़ी ने ठोकर मार दी।जिसमे पिकअप वाहन के चालक समेत खलासी बुरी तरह जख्मी हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जहां पिकअप वाहन का सामने से पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। मालवाहक ट्रक का पीछे का भाग पूरी तरह धंस गया।हादसे के बाद मौके पर भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई।जहां से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने ई रिक्शा को रुकवाकर दोनों घायलों को इलाज के लिए फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा दोनों घायलों का इलाज किया जा रहा है।घायल पिकअप का ड्राइवर और खलासी उत्तरप्रदेश के बनारस का रहने वाला है और भागलपुर से पिकअप गाड़ी पर माला लोडकर बनारस जा रहा था।

### बिहटा में हीटवेव से दो शिक्षकों की मौत

**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से लोग काफी परेशान हैं। हीट वेव से लोगों की मौतें हो रही हैं। पटना से सटे बिहटा में दो शिक्षकों की हीट वेव के कारण मौत हो गयी। मृतकों की पहचान बिहटा स्थित प्राथमिक विद्यालय पथलौटिया के शिक्षक विनय कुमार और उ.म.विद्यालय पड़री के शिक्षक जितेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। दोनों शिक्षकों को हीट वेव के कारण हृदयाघात हो गया, जिससे उनकी जान चला गई। पहले शिक्षक विनय कुमार की हीट वेव के कारण हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। उनके दाह संस्कार में शिक्षक जितेंद्र कुमार शामिल हुए थे। दाह संस्कार करके घर लौटने के बाद उनकी भी हार्ट अटैक से मौत हो गयी। शिक्षक नेता आनंद मिश्रा और जयकांत धीरज सहित कई शिक्षकों ने कहा कि हमने आज एक नहीं, बल्कि दो-दो शिक्षकों को खो दिया है। इस घटना से पूरे बिहटा के शिक्षक दुःखी हैं।

### मारवाड़ी युवा मंच ने रक्तदान करने वाले दो युवाओं को किया सम्मानित

**पूर्वी चंपारण।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच मोतिहारी शाखा के अध्यक्ष यमुना सीकरीया के द्वारा मंच के दो सदस्य दीपक अग्रवाल व रवि अग्रवाल को रक्त वीर सम्मान से सम्मानित किया गया। दोनों रक्त वीरों ने करीब 50- 50 बार रक्तदान किया है। मौके पर यमुना सीकरिया ने बताया कि यह सम्मान अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, दिल्ली के सौजन्य से इन दोनों रक्त वीरों को प्रदान करने के लिए भेजा गया था। कार्यक्रम के दौराम जरूरत मंदों को रक्त की व्यवस्था कराने वाले अनिरुद्ध लोहिया को भी सम्मानित किया गया। मंच अध्यक्ष श्री सीकरीया ने कहा कि रक्त दान सबसे बड़ा पुनीत कार्य है।इससे लोगों की जीवन की रक्षा होती है।उन्होने समाज के लोगो से ज्यादा ले ज्यादा रक्तदान करने की भी अपील की।

### तालाब में बदमाशों ने दिया जहर, सारी मछलियां मरी

**भागलपुर।** जिले में लोदीपुर थाना क्षेत्र के गुहारिये गांव स्थित चमरिया तालाब में बदमाशों ने जहर दे दिया। जिससे तालाब की सारी मछलियां मर गई। यह तालाब 1 एकड़ 40 डिसमिल में फैला हुआ है। इस तालाब में छोटे लाल मंडल पिता स्व कंचन मंडल मछली पालन करते हैं। पीड़ित कहते हैं कि विगत 13 जून को रात्रि के करीब 11 बजे मेरे गांव के ही चंदन मंडल, तिरंगा मंडल और इन्द्रदेव मंडल ने मेरे पोखर में जहर दे दिया और भाग गया। देखते ही देखते करीब पांच क्विंटल मछली मर कर किनारे आ गया। वहीं अभी मछली छोटी है तो करीब 2 लाख का नुकसान हुआ है। लेकिन आंकड़ा करीब 10 लाख के पार है। पीड़ित छोटे लाल मंडल ने इसकी लिखित शिकायत लोदीपुर थाना में किया है। स्थल निरीक्षण के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर टी आई जागरूकता संगठन भारत के रोजगार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह पहुंचे और संबंधित पदाधिकारियों से बात कर उचित मुआवजे की मांग की।

### बिहार के पश्चिम और दक्षिण भाग में हीटवेब का ऑरेंज अलर्ट

**पटना।** प्रदेश के पश्चिम और दक्षिण भाग में अगले 24 घंटों के लिए हीटवेब का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य भाग के एक दो स्थानों पर गर्म दिन रहने की संभावना के साथ यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का मानना है कि अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में विशेष कोई परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस कमी होने के आसार हैं। पटना मौसम विज्ञान केंद्र से जारी पूवार्नुमान के मुताबिक अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार जिलों के कुछ स्थानों पर अगले कुछ घंटे के दौरान मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश के आसार हैं।

# नए विधायकों के शपथ ग्रहण पर राज्यपाल व ममता में तनातनी




एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नये विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राज्य सरकार और राजभवन में तनातनी हो गई हैं। हाल ही में दो विधानसभा सीटों - मुर्शिदाबाद जिले की भगवानगोला और उत्तर 24 परगना जिले में बारानगर सीट पर हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार विजयी रहे थे। सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के निर्वाचित विधायक रैयत हुसैन सरकार और सयंतिका बनर्जी को निर्वाचित हुए 11 दिन बीत गये हैं, लेकिन उनका शपथ ग्रहण राज्य सचिवालय और राजभवन के बीच तनातनी की वजह से नहीं हो पा रहा है। आधिकारिक प्रोटोकॉल के अनुसार, नव निर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण के लिए राज्य के संसदीय कार्य विभाग से राजभवन में राज्यपाल कार्यालय को संदेश भेजा जाता है। सूत्रों का कहना है कि विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर राजभवन को संदेश तो मिल गया है, लेकिन यह संसदीय कार्य विभाग के मंत्री की बजाय पश्चिम बंगाल विधानसभा के सचिव की ओर से भेजा गया है। सूत्रों ने बताया कि राजभवन ने अब तक उस संदेश का कोई जवाब नहीं दिया है जिससे दोनों विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। संयोग से, राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर राजभवन में तैनात पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करने की मांग की। इससे पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेन्दु अधिकारी ने आरोप लगाया था कि राजभवन के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों ने गुरुवार शाम उन्हें और उनके साथ आये चुनाव बाद हिंसा के कुछ पीड़ितों को अंदर जाने से रोक दिया था। राज्यपाल ने अपने बयान में कहा था कि वह पुलिस विभाग के प्रभारी मंत्री ( गृह मंत्री सह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) से तब तक नहीं मिलेंगे जब तक पीड़ितों को उनसे मिलने नहीं दिया जाता। दरअसल, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास गृह मंत्रालय भी है और पुलिस विभाग उन्हीं के अंदर आता है।

### राजद के टिकट पर ही चुनाव लड़ूंगी: बीमा भारती

**पूर्णिया।** मैं राजद की प्रत्याशी के रूप में रूपौली विधासभा उपचुनाव लड़ूंगी। लोगों की बातों पर जाना बेकार है। उक्त बातें क्षेत्र में उठ रहे अटकलों को समाप्त करते हुए पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक बीमा भारती ने शनिवार को यहां कही । उन्होंने कहा कि क्षेत्र में क्या-क्या अटकलें लगाई जा रही हैं उससे उन्हें कोई मतलब नहीं है । वह राजद की सिपाही हैं। राजद के टिकट पर ही रूपौली विधानसभा से उपचुनाव लड़ेंगी । यह पूछने पर कि यह सीट पिछले विधानसभा चुनाव में सीपीआई के पास थी, सीपीआई के कार्यकर्ता कह रहे हैं कि यहां महागठबंधन से सीपीआई का ही प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा । इस बात पर उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है ।यहां राजद का ही प्रत्याशी होगा तथा राजद के प्रत्याशी के रूप में वह चुनाव लड़ेंगी ।

## फिर मालदा में गोलीबारी, इस बार बदमाशों के निशाने पर एक कारोबारी



संवाददाता

**कोलकाता।** फिर मालदा में गोलीबारी। देर रात में बदमाशों ने घर में घुसकर मुढ़ी व्यापारी पर फायरिंग कर दी। हालांकि कारोबारी को बचा गया है। पुलिस की शुरूआती धारणा यह है कि गोलीबारी जमीन विवाद के कारण हुई है।

प्रभावित मुढ़ी व्यवसायी का नाम सुमन साहा हैं। उम्र 45 साल। पुराना मालदह के साहपुर रशिलादह इलाके के निवासी। उनके बेटे की शिकायत है कि करीब साढ़े तीन बीघे जमीन को लेकर गड़बड़ चल रही है। दबंग लोग जबरन जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उनके पिता ने उनका विरोध किया। आरोप है कि इसीलिए शुक्रवार देर रात चार बदमाश उनके घर में घुस आए। सुमन ने साहा पर शूटिंग शुरू कर दी। लेकिन गोली व्यवसायी के पैर में लगकर निकल गयी। सुमन की जान बच गयी। अपराधियों के चेहरे ढके होने के कारण कोई उनकी पहचान नहीं कर सका। व्यवसायी को गोली मारने में कौन-कौन शामिल है, इसकी जांच मालदह थाने की पुलिस कर रही है।

गौरतलब है कि पुराना मालदा के साहपुर इलाके में भू-माफियाओं का उत्पात बढ़ गया है। साहपुर और बाइपास से सटे आमबगान और अन्य भूमि के साथ-साथ जल निकायों को भी जब्त किया जा रहा है। उस इलाके में अक्सर बमबाजी की घटनाएं होती रहती हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों की शिकायत है कि पुलिस भू-माफियाओं की हिंसा को रोकने में सक्रिय भूमिका नहीं निभा रही है।

## बेलघरिया में व्यवसायी की हत्या की कोशिश अपराधियों ने कार पर की फायरिंग



संवाददाता

**कोलकाता।** बेलघरिया में दिन के समय गोलीबारी। शनिवार को एक व्यवसायी की कार पर गोली चलायी गयी। पता चला है कि बीटी रोड के किनारे रथतला में बदमाशों ने एक महंगी कार पर फायरिंग की । ताबड़तोड़ आठ राउंड फायरिंग की गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दो बाइक से आने वाला कार पर गोलियां चलाई। पता चला कि कार में व्यापारी सवार था। व्यवसायी कोलकाता से लौट रहा था। बेलघरिया थाने से महज कुछ ही दूरी पर हुई इस घटना से हड़कंप मच गया है। पता चला है कि ब्यबसायी का कार शोरूम है। बेलघरिया पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है। पुलिस ने बताया कि कार में गोलियों के निशान मिले हैं। इस हमले के कारणों की जांच की जा रही है। पता चला है कि कारोबारी का नाम अजय मंडल है। कारोबारी ने शिकायत की थी कि रंगदारी मांगने वाले कई दिनों से उससे पैसे की मांग कर रहे थे। उसने वह पैसा नहीं चुकाया। कारोबारी का दावा है कि वह गुस्से में गोली मरे है ।

## महेशतला में सिलेंडर विस्फोट से उड़ गया घर का एक हिस्सा, 5 घायल



संवाददाता

**कोलकाता।** महेशतला में सुबह सिलेंडर विस्फोट। चार मंजिला मकान का एक हिस्सा टूट गया। कम से कम पांच लोग घायल हो गये। खबर है कि इनमें से दो की हालत गंभीर है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शनिवार की सुबह महेशतला के वार्ड नंबर 11 के सरकार पाड़ा के निवासियों ने अचानक विस्फोट की आवाज सुनी। विस्फोट की तीव्रता इतनी तेज थी कि आसपास के घरों की खिड़कियों के शीशे भी टूट गये। घबराए पड़ोसी घर से निकलकर मौके पर पहुंचे। उसी समय दूसरा विस्फोट हुआ। और घर की ईंट और ग्रिल का कुछ हिस्सा गिर गया। बहुमंजिला इमारत की चार मंजिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने देखा कि बहुमंजिला इमारत की चौथी मंजिल के हिस्से में आग लगी हुई है। आसपास का इलाका काले धुएं से ढका हुआ है। अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। खबर मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। स्थानीय पार्षद दीपिका दत्ता और सीईएससी अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। बड़े खतरे से बचने के लिए क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति अस्थायी रूप से काट दी गई। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। कम से कम पांच लोग घायल हो गये। घायलों को एक स्थानीय निजी नर्सिंग होम और बेहाला के विद्यासागर अस्पताल ले जाया गया। इनमें से दो की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि उनका लगभग पूरा शरीर जल चुका है।

### जनता दरबार में 2 मामले निष्पादित, 14 लंबित

**किशनगंज।** सदर थाना सहित जिले के सभी थानों में शनिवार को जमीनी विवाद के निपटारे को लेकर जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार मे फरियादी जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने थाना पहुंच रहे थे। डीएम व एसपी के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को सभी थानों में जनता दरबार लगाया जाता है। अलग अलग थाना में लगाये गए जनता दरबार मे फरियादियों की भीड़ जुटी। दूर दराज के गांवों से भी लोग फरियाद लेकर पहुंचे। जनता दरबार मे 2 मामले निष्पादित हुए। वही नए व पुराने मामलों में 14 मामले लंबित हैं। दूसरे पक्ष के नहीं पहुंचने के कारण मामले लंबित हैं। एक नया मामला सामने आया। कुछ मामले में सुनवायी की अगली तिथि दी गई। सीओ प्रद्युम्न सिंह यादव, भारतीय प्रशासनिक सेवा, सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार व अंचल निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय की मौजूदगी मे लगाए गए जनता दरबार में थाना क्षेत्र के कई लोग अपनी अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे।

## मध्य रात्रि से खनन पर लगेगा विराम, होगी सघन जांच



एजेंसी

**किशनगंज।** निर्देशक खान एवं भूतत्व बिभाग, बिहार सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में 15 जून के मध्य रात्रि से जिले में खनन कार्य पर पूरी तरह से रोक लगा दिया गया। जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने उक्त आशय का आदेश जारी करते हुए बताया कि मानसून अवधि में 15 जून की मध्य रात्रि से 15 अक्टूबर 2024 तक जिले में बंदोबस्त बालू घाटों में बालू खनन पर रोक लगाई जाती है। खनिज विकास पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि मानसून अवधि में बालू खनन पर रोक लगाने एवं अवैध भंडारण की जांच हेतु एक जांच दल का गठन किया गया है। उक्त आशय का आदेश जारी करते हुए उन्होंने बताया कि गठित जांच दल द्वारा निर्धारित गहराई तक खनन, पर्यावरणीय स्वीकृति क्षेत्र से बाहर खनन, वास्तविक खनन योजना के अनुरूप कार्य किया गया है अथवा नही की सघन जांच करेंगे। साथ ही यह भी जांच किया जाएगा कि भंडारण की आपूर्ति रेगुलर सेप एवं बेंच वाइज हो जिससे आयतन मापी में आसानी हो सके। जांच दल भण्डारण अनुज्ञप्ति एवं सेकेंडरी लोडिंग का भी जांच करेगी।

### चुनाव बाद हिंसा का जायजा लेने के लिए बीजेपी की एक टीम राज्य में आ रही है

**कोलकाता ।** राज्य में चुनाव बाद हुई हिंसा का जायजा लेने बीजेपी का विशेष प्रतिनिधिमंडल आ रहा है। भाजपा ने एक प्रेस बयान में कहा कि पार्टी के अखिल भारतीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। वे बंगाल आकर हिंसा के कारणों की जांच करेंगे। शनिवार को जारी प्रेस बयान पर बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने हस्ताक्षर किये हैं। बताया गया है कि समिति में भाजपा के चार सांसद प्रतिनिधि हैं। ये हैं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा सांसद बिप्लब देव। वह उस समिति के संयोजक हैं। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद रविशंकर प्रसाद, उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी और वर्तमान राज्यसभा सांसद बृजलाल और मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार मौजूद हैं।

## जिला जज, डीएम व एसपी ने किया मोतिहारी पर्यवेक्षण गृह का संयुक्त निरीक्षण



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिला जज,डीएम व एसपी ने विधि विवादित किशोरों के आवासन स्थल मोतिहारी पर्यवेक्षण गृह का संयुक्त निरीक्षण किया । इस दौरान इनलोगो ने विधि विवादित किशोरों हेतु उपलब्ध करायी जाने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान गृह में उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन के गुणवता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते गृह के साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद को निदेश दिया कि मामलों को अविलंव निष्पादन करना सुनिश्चित करे। इन्होने संयुक्त रूप से आवासित किशोरों को जीवन में पूर्व की गलतियों को भूलाकर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान गृह में कुल 67 किशोर आवासित थे। इस अवसर पर बाल संरक्षण पदाधिकारी, प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद एवं अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे।

## शाहजहां ने भूमि अधिग्रहण के पैसे से 87 लाख का सोने व कार खरीदी



संवाददाता

**कोलकाता।** शेख शाहजहां ने भूमि अधिग्रहण के पैसे से 87 लाख रुपये का सोना खरीदा। चार लग्जरी कारें भी खरीदीं। वहीं, 1 करोड़ 10 लाख रुपये की संपत्ति शाहजहां ने चार लोगों के नाम पर खरीदी थी। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने संदेशखाली के शेख शाहजहां के खिलाफ पेश की गई चार्जशीट में इस सनसनीखेज जानकारी को उजागर किया है।

चार्जशीट में ईडी का दावा है कि शाहजहां की संपत्ति और जमीन अधिग्रहण के लिए 199 करोड़ 76 लाख रुपये के पैसों का लेन-देन हुआ। साथ ही ईडी को इस बात के भी सबूत मिले हैं कि शाहजहां के पार्टनर शिबू हाजरा ने शाहजहां को 50 लाख रुपये दिए थे। उसके आधार पर ईडी का दावा है कि शाहजहां की संपत्ति 200 करोड़ 26 लाख रुपये की है। इसके अलावा ईडी के जासूसों को शाहजहां के भाई शेख आलमगीर की 20 करोड़, पार्टनर शिबू हाजरा की 10 करोड़ और दूसरे पार्टनर दीदार बक्स की 7 करोड़ 79 लाख की संपत्ति का पता चला। कथित तौर पर शाहजहां, आलमगीर, शिबू हाजरा ने जमीन पर कब्जा कर पैसा कमाने के लिए अवैध हथियार से हत्या करने की कोशिश की। शाहजहाँ ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर- के जिला पुलिस में दर्ज कई मामलों से अपने और अपने भाइयों और सहयोगियों के नाम 'हटा' दिए। शाहजहाँ ने जिला और पंचायत स्तर पर विभिन्न पदों पर अपनी पसंद के लोगों को नियुक्त किया। इसीलिए उन्होंने अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया। ईडी के मुताबिक, तनुश्री, जयंती, चंद्रदीप के नाम पर एक निजी बैंक में चार खाते पाए गए। ये पुरुष और महिलाएं शाहजहाँ के करीबी हैं। उन चार खातों में से दो खातों से 35 लाख से 70 लाख और 20 लाख से 40 लाख तक का लेनदेन किया गया है। आरोप है कि शाहजहां ने इन चारों लोगों के नाम पर कुल 1 करोड़ 10 लाख रुपये खर्च कर संपत्ति खरीदी।

ईडी ने आरोप पत्र में कहा कि शाहजहां ने भ्रष्टाचार के पैसे से 86 लाख 89 हजार रुपये का सोना खरीदा। इसके अलावा उन्होंने चार कारें खरीदीं। शाहजहां के करीबियों का दावा है कि उन्होंने उन चार कारों में से एक कार एक विधायक को तोहफे में दी थी। ईडी इस मामले की जांच कर रही है। शाहजहाँ की मछली व्यापार कंपनी शेख सबीना का शाहजहाँ के करीबी सहयोगी शिबू हाजरा से सीधे संपर्क के सबूत मिले हैं।

## छात्र हत्या के मामले में आरोपितों ने किया सरेंडर

संवाददाता

**सीवान।** महाराजगंज थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुए दिनदहाड़े छात्र की हत्या के मामले में दोनों मुख्य आरोपियों ने आज महाराजगंज थाना परिसर में सरेंडर कर दिया है। पूरी घटना महाराजगंज शहर के मोहन बाजार स्थित एक चाय के दुकान के समीप दारौंदा थाना क्षेत्र के रुकुंदीपुर पंचायत के भरोसकुवंर टोला निवासी सुधीर कुमार सिंह के 17 वर्षीय पुत्र भानू कुमार सिंह की हत्या कर दी गई थी। भरोसकुवंर टोला निवासी सुधीर सिंह का बेटा भानू इंटर का छात्र था।




बताया जाता है कि दरौंदा थाने की रुकुंदीपुर पंचायत के भरोसकुंवर के टोला गांव के सुधीर सिंह का 17 वर्षीय पुत्र भानू कुमार सिंह महाराजगंज शहर के मोहन बाजार में कोचिंग करने के लिए आया था। कोचिंग से निकलकर भानू केनरा बैंक के सामने अपने साथियों के साथ चाय पीने चला गया। चाय पीकर भानू घर जाने के लिए बाइक से ज्यों ही आगे बढ़ा, सामने से आये बाइक सवार बदमाशों ने बाइक से ठोकर मार दी। भानू कुछ समझ पाता, उससे पहले हीं बदमाशों ने गोली मार दी। इसके बाद बाइक सवार बदमाश फरार हो गये। भानू को तत्काल साथियों ने अनुमंडल अस्पताल लाया,जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महाराजगंज स्थित मोहन बाजार में चार वर्षों से उनके पिता एयरटेल की एजेंसी चलाते हैं।

इस घटना में शामिल दो मुख्य आरोपी सत्यम और करण ने महाराजगंज थाना में सरेंडर कर दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस के लगातार दविश के कारण आरोपियों ने सरेंडर किया है।

## होंडा इंडिया : एचआरआई ने अपने राइडर्स टीम घोषित की



चेन्नई। एजेंसी

होंडा रेसिंग इंडिया (एचआरआई) ने शनिवार को अपने युवा राइडरों की घोषणा की, जो 2024 होंडा इंडिया टैलेंट कप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। टैलेंट कप का आयोजन इस सप्ताह के अंत में चेन्नई के मद्रास इंटरनेशनल सर्किट में किया जाएगा। होंडा इंडिया टैलेंट कप का 2024 सीजन भारत में युवा रेसिंग प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है। पांच राउंड के इस सीजन में 14 प्रतिभाशाली युवा राइडर्स की एक शानदार लाइन-अप दिखाई जाएगी, जो प्रतिष्ठित होंडा टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे और मोटो 3 रेस मशीन - NSF250 फसे मुकाबला करेंगे। इस साल, होंडा रेंसिंग इंडिया रोस्टर में छह नए होनहार राइडर्स को शामिल करके रेसिंग चैंपियन की अगली पीढ़ी को तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। होंडा टैलेंट हंट से चुने गए इन राइडर्स ने मोटरसाइकिल रेसिंग की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दुनिया में असाधारण प्रदर्शन, समर्पण और उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता का प्रदर्शन किया है।

# टी-20 विश्व कप : दक्षिण अफ्रीका ने रोमांचक मैच में नेपाल को 1 रन से हराया

● न्यूजीलैंड ने युगांडा को 9 विकेट से रौंदा



किंग्सटन। एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को टी-20 विश्व कप मैच में यहां एक रोमांचक मुकाबले में नेपाल को 1 रन से हरा दिया। मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 115 रन बनाए, जवाब में नेपाल की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 114 रन ही बना सकी। 116 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की शुरूआत खराब रही और आठवें ओवर में 35 के कुल स्कोर पर कुशल भुरतल (13) और कप्तान रोहित पौडेल (00) को तमरेज शम्सी ने पवेलियन भेज दिया। यहां से आशिफ शेख और अनिल साह ने 50 रनों की साझेदारी कर नेपाल को मुसीबत से निकाला।

एडन मार्करम ने अनिल साह को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। अनिल ने 24 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्के की बदौलत 27 रन बनाए। हालांकि इसके बाद शम्सी ने दीपेंद्र सिंह आरी (06) और आशिफ शेख को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को मैच में वापसी दिला दी। आसिफ ने 49 गेंदों में 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 42 रनों की बेहतरीन पारी खेली। 19वें ओवर में एनरिक नाट्र्जे ने कुशल मल्ला (01) को बोल्ड कर नेपाल को छठा झटका दिया। यहां से नेपाल को 10 गेंदों में जीत के लिए 16 रनों की आवश्यकता थी। सोमपाल कामी अगली 4 गेंदों पर 8 रन बनाकर नेपाल को मैच में वापसी दिला दी। आखिरी ओवर में जीत के लिए नेपाल को 8 रन की जरूरत थी।

ओटनेल बार्टमेन आखिरी ओवर लेकर आए, गुलशन झा ने पांच गेंदों पर 6 रन जोड़े। आखिरी गेंद पर नेपाल को जीत के लिए 2 रन चाहिए थे, लेकिन गुलशन इस गेंद पर रन आउट हो गए और नेपाल को 1 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ नेपाली खिलाड़ियों सहित स्टेडियम में मौजूद नेपाली प्रसंशकों के आंखों में भी आंसू आ गए। दक्षिण अफ्रीका के लिए तबरेज शम्सी ने 4, एडन मार्करम और एनरिक नाट्र्जे ने 1-1 विकेट लिया।

### न्यूजीलैंड ने युगांडा को 9 विकेट से हराया

त्रिनिदाद में खेले गए एक अन्य मुकाबले में न्यूजीलैंड ने युगांडा को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। युगांडा की टीम 18.4 ओवरों में केवल 40 रनों पर सिमट गई। युगांडा के लिए केनेथ वैसवा ने सर्वाधिक 11 रन बनाए। वैसवा के अलावा फ्रेड अचेलम ने 9 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज 5 रनों का आंकड़ा भी नहीं पार सका। चार बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी ने 3, मिचेल सैंटनर, ट्रेंट बोल्ट और रचिन रविंद्र ने 2-2 व लॉकी फर्ग्यूसन ने 1 विकेट लिया। जवाब में न्यूजीलैंड ने फिन एलन (09) का विकेट खोकर 5.2 ओवर में 41 रन बनाकर मैच जीत लिया। डेवोन कॉन्वे 22 और रचिन रविंद्र 1 रन बनाकर नाबाद रहे।

### दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में बनाए 115 रन

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए रीजा हैंड्रिक्स ने 43 और ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 27 रन बनाए। इन दोनों के अलावा क्विंटन डी कॉक ने 10 और कप्तान एडन मार्करम ने 15 रन बनाए। नेपाल की ओर से कुशल भुरतल ने 4 औ? दीपेंद्र सिंह ने 3 विकेट लिये।

## एक नजर

### हॉकी इंडिया ने वरिष्ठ खेल पत्रकार हरपाल सिंह बेदी के निधन पर जताया शोक



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को वरिष्ठ खेल पत्रकार हरपाल सिंह बेदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शनिवार सुबह नई दिल्ली में उनका निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। पेशे से तीन दशक से ज्यादा समय तक जुड़े हरपाल सिंह बेदी ने कई अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के अलावा आठ ओलंपिक खेलों और नौ एशियाई खेलों को भी कवर किया है। उन्होंने भारत में आयोजित प्रतिष्ठित एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के सभी तीन संस्करणों को भी कवर किया। उन्होंने 2010 में नई दिल्ली में, 2018 में भुवनेश्वर में और 2023 में भुवनेश्वर-राउरकेला में आयोजित सबसे हालिया आयोजन को कवर किया। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, हरपाल सिंह बेदी भारतीय हॉकी के बहुत बड़े समर्थक थे। हॉकी जगत में भी उनका बहुत सम्मान था। एक खिलाड़ी के रूप में मेरे दिनों के दौरान, हम खेल के बारे में कई विचारों और भावनाओं का आदान-प्रदान करते थे और इस बात पर विचार करते थे कि हम खेल को और कैसे बेहतर बना सकते हैं ताकि देश को और अधिक सम्मान मिल सके। मुझे याद है कि जब भी हम दिल्ली में होते थे, तो वह हमारे प्रशिक्षण सत्रों में शामिल होते थे। वह खेल और अपने काम के प्रति बहुत भावुक थे। हॉकी इंडिया की ओर से, मैं उनके परिवार और खेल पत्रकार समुदाय के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा मैं श्री हरपाल सिंह बेदी के निधन से बहुत स्तब्ध हूं, वे एक बहुत ही सम्मानित खेल पत्रकार और भारतीय हॉकी के बड़े समर्थक थे।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए सोफिया डंकले की इंग्लैंड टीम में वापसी



**लंदन।** इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के लिए शुक्रवार (14 जून) को अपनी 14 खिलाड़ियों की महिला क्रिकेट टीम घोषित कर दी है। टीम में सोफिया डंकले को शामिल किया है। डंकले, जिन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2024 में न्यूजीलैंड दौरे पर इंग्लैंड के लिए खेला था, ने राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद टीम में वापसी की, जिसमें उन्होंने इस सीजन में पांच पारियों में 293 रन बनाए। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शानदार शुरूआत करने के बाद, उनका फॉर्म खराब होता गया। 32 वनडे में, उन्होंने 27.50 की औसत से 770 रन बनाए हैं।

## आईसीसी टी-20 : यूएसए सुपर 8 में, पाकिस्तान बाहर



नई दिल्ली। एजेंसी

यूएसए ने चल रहे आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जबकि पाकिस्तान अब टूनार्मेंट से बाहर हो गया है। शुक्रवार रात फ्लोरिडा में आयरलैंड और यूएसए के बीच खेले जाने वाला महत्वपूर्ण मैच गीली आउटफील्ड और बारिश के कारण रद्द कर दिया गया और दोनों टीमों को 1-1 अंक मिल गए, जिससे यूएसए ने 5 अंक के साथ सुपर 8 में प्रवेश कर लिया।

सुपर 8 के लिए क्वालीफाई करने वाला यूएसए, आयरलैंड (2009), नीदरलैंड (2014), अफगानिस्तान (2016), नामीबिया (2021), स्कॉटलैंड (2021) और नीदरलैंड (2022) के बाद टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से सुपर चरण में प्रवेश करने वाला सातवां एसोसिएट्स देश बन गया है।

मैच के समय तक फ्लोरिडा में बारिश रूक गई थी और कुछ आसमान भी साफ हो गया था, लेकिन मैच से पहले हो रहे बारिश से मैदान का आउटफील्ड काफी गीला था। ग्राउंड्समैन के बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, कुछ पैच गीले रह गए, जिससे खेल मुश्किल हो गया। हालांकि एक समय लगा कि मैच 5-5 ओवर का हो सकता है, लेकिन तभी फिर से भारी बारिश शुरू हो गई और मैच को रद्द कर घोषित कर दिया। ग्रुप ए की अंकतालिका में भारत 3 मैचों में 6 अंकों के साथ पहले ही सुपर 8 में प्रवेश कर चुका है, वहीं यूएसए की टीम चार मैचों में (दो जीत एक हार और एक रद्द मैच) 5 अंकों के साथ ग्रुप से सुपर 8 में जाने वाली दूसरी टीम बन गई।

## हॉकी इंडिया ने जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की

बेंगलुरु। एजेंसी

हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को आगामी जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के संभावित समूह की घोषणा की है, जो 16 जून 2024 को बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) में शुरू होगा। यह शिविर भारतीय जूनियर पुरुष टीम के यूरोपीय दौरे के बाद आयोजित किया जा रहा है, जहाँ उन्होंने 20 से 29 मई तक बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ पाँच मैच खेले थे।

दौरे पर भारतीय टीम बेल्जियम के खिलाफ एक जीत दर्ज की और दूसरे में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद टीम को ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। वहीं, जर्मनी को खिलाफ टीम ने एक मैच में जीत दर्ज की, जबकि एक मैच में हार का सामना करना पड़ा। कोच जनार्दन सी बी के नेतृत्व में और हॉकी इंडिया के हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर हरमन क्रुइस की देखरेख में आगामी शिविर 63 दिनों तक चलेगा, जो 18 अगस्त को समाप्त होगा। आगामी शिविर को लेकर कोच जनार्दन सी बी ने कहा यह शिविर भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए हमारी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे पास खिलाड़ियों का एक प्रतिभाशाली समूह है, और गहन प्रशिक्षण सत्र उन्हें अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करेंगे। हमारा लक्ष्य एक एकजुट और दुर्जेय टीम विकसित करना है जो किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।



### 40 सदस्यीय कोर-संभावित समूह की सूची:-

**गोलकीपर :** प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह, अश्वनी यादव, आदर्श जी., अली खान।

**डिफेंडर :** शारदा नंद तिवारी, सुखविंदर, आमिर अली, रोहित, योगेम्बर रावत, मनोज यादव, अनमोल एक्का, प्रशांत बारला, आकाश सोरोंग, सुंदरम राजावत, आनंद. वाई, तालेम प्रियो बार्टा।

**मिडफील्डर्स :** अंकित पाल, रोशन कुजूर, थौनाओजम इंगलेम्बा लुवांग, मुकेश टोप्पो, थोकचोम किंग्सन सिंह, रितिक कुजूर, अंकुश, जीतपाल, चंदन यादव, मनमीत सिंह, वचन एच ए, गोविंद नाग, बिपिन बिलवारा रवि।

**फॉरवर्ड्स :** मोहित कर्मा, सौरभ आनंद कुशवाहा, अरजीत सिंह हुंडल, गुरजोत सिंह, मोहम्मद कोनैन दाद, प्रभदीप सिंह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद जैद खान, गुरसेवक सिंह।

## सुपर 8 में प्रवेश करने पर यूएसए के कप्तान जोन्स ने कहा-हमारे लिए यह बड़ी बात



फ्लोरिडा। एजेंसी

फ्लोरिडा में बारिश के कारण आयरलैंड के खिलाफ मैच रद्द होने के बाद यूएसए ने ग्रुप ए से भारत के साथ सुपर 8 चरण में प्रवेश कर लिया है। मैच रद्द होने के बाद यूएसए के कार्यवाहक कप्तान आरोन जोन्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, रहाँ, निश्चित रूप से हम जश्न मना रहे हैं। हर कोई इस समय खुश है। जाहिर है सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करना एक बड़ी बात है, इसलिए हर कोई इस समय खुश है। जोन्स ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए पूर्ण सदस्यों से क्रिकेट की दुनिया में अमेरिका की ताकत का आकलन करने को कहा। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पूर्ण सदस्यों के साथ खेलने के अपने छोटे से इतिहास में, यूएसए ने आठ में से पांच बार जीत हासिल की है। पूरे सत्र में यूएसए की टीम भूखी दिखी, जिसकी शुरूआत कनाडा को चार-शून्य से हराने और फिर बांग्लादेश के साथ सीरीज जीतने से हुई। पाकिस्तान की जीत ने उन्हें भारत को और अधिक हराने का साहस दिया।

भारत को मुश्किल विकेट पर 111 रनों के लक्ष्य की जरूरत थी, लेकिन यूएसए की इस विविधतापूर्ण टीम ने स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम को बुरी तरह डरा दिया।

### अंडर-15, 19, 23 व सीनियर वर्ग महिला क्रिकेट ट्रायल में चुनी गईं 41 खिलाड़ी



मुरादाबाद। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा के अंडर-15, 19, 23 व सीनियर वर्ग के महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल शनिवार को आइएफटीएम विश्वविद्यालय के ग्राउंड पर हुआ। ट्रायल में 51 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 41 महिला खिलाड़ी चुनी गई। ट्रायल पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता, ज्वाइंट सेक्रेटरी बदरूद्दीन सिद्दीकी व अमन लिट की निर्देशन में हुआ। यह जानकारी डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने दी। डीएसए सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि अंडर-15 में 12, अंडर-19 में 14, अंडर-23 में 11 और सीनियर वर्ग में चार खिलाड़ियों का चयन हुआ। यह खिलाड़ी जोन के ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे। चयनित खिलाड़ियों की टीम बनाई जाएगी। इस दौरान डीएसए के संयुक्त सचिव नितिन गुप्ता, वरिष्ठ खिलाड़ी नजीर अली एवं अन्य कोच मौजूद रहे।

## वाणिज्य

### सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

## सेंसेक्स 181 अंकों की बढ़त के साथ 76,992 पर बंद

● निफ्टी 66 अंक मजबूत होकर 23,465 पर बंद



मुंबई। एजेंसी

चुनिंदा शेयरों की लिवाली और निर्यात के आंकड़ों से घरेलू शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को जोरदार तेजी के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की खरीदारी से भी शेयर बाजार प्रभावित हुआ। घरेलू शेयर बाजार में बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों में से दो दिन गिरावट और तीन दिन जोरदार तेजी देखी गई। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 61.05 अंक फिसलकर 76,601.96 पर खुला और 77,079.04 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 13.31 अंक टूटकर 23,276.85 पर खुला और 23,411.90 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में कमजोर शुरूआत हुई।

प्री ओपनिंग में बढ़त के बावजूद शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 113.63 अंक की गिरावट के साथ 76,376.45 अंक पर खुला और 33.49 अंक की गिरावट के साथ 76,456.59 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 29.6 अंक फिसलकर 23,229.60 अंक पर खुला और 5.65 अंक की मामूली बढ़त के साथ 23,264.85 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को 166 अंक की बढ़त के साथ 76,622 पर खुला और 149.98 अंकों की बढ़त के साथ 76,606.57 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 51 अंकों की मजबूती के साथ 23,316 पर खुला और 58.11 अंक चढ़कर 23,322.95 के लेवल पर बंद हुआ। गुरुवार को आईटी और रियल्टी शेयरों में मजबूती के साथ कारोबार होता दिखा। सेंसेक्स 287.51 अंकों की बढ़त के साथ 76,889.96 पर खुला और 204.33 अंकों की बढ़त के साथ 76,810.90 पर बंद हुआ।

निफ्टी 77.60 अंक मजबूत होकर 23,400.55 पर खुला और 75.96 अंक मजबूत होकर 23,398.90 पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती बढ़त के बाद ऊपरी स्तरों से बिकवाली दिखी। सेंसेक्स 163.48 अंक टूटकर 76,611.05 पर खुला और 181.87 अंकों की बढ़त के साथ 76,992.77 पर बंद हुआ। निफ्टी 40.16 अंक फिसल कर 23,358.75 पर खुला और 66.70 अंक मजबूत होकर 23,465.60 के स्तर पर बंद हुआ।

### घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घटकर 3,200 रुपये प्रति टन हुआ

नई दिल्ली। सरकार ने घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में 2000 रुपये प्रति टन की कटौती की है। इस कटौती के बाद घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 5,200 रुपये प्रति टन से घटकर 3,200 रुपये प्रति टन हो गई है। नई दरें शनिवार, 15 जून से लागू हो गई हैं। सरकार की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक घरेलू स्तर कच्चे तेल पर मौजूदा विंडफॉल टैक्स 5,200 रुपये प्रति टन से घटाकर 3,200 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। हालांकि, अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाला अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को शून्य पर बरकरार रखा गया है। अधिसूचना के मुताबिक नई दरें 15 जून से प्रभावी हो गई है। उल्लेखनीय है कि 31 मई को घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 5,700 रुपये प्रति टन से घटाकर 5,200 रुपये प्रति टन कर दिया गया था। सरकार ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स लागू किया था।

## आरबीआई ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर लगाया 1.45 करोड़ का जुर्माना



मुंबई। एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 1.45 करोड़ रुपए का भारी जुर्माना लगाया है। बैंक पर यह जुमार्ना लोन और एडवांसेज तथा कंज्यूमर प्रोटेक्शन से जुड़े निदेशों का पालन न करने पर लगाया गया है। आरबीआई की ओर से यह जानकारी दी गई है। आरबीआई ने 31 मार्च, 2022 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षी मूल्यांकन (आईएसई 2022) के लिए इसका वैधानिक निरीक्षण किया था।

सार्वजनिक क्षेत्र के इस बैंक को नोटिस जारी कर यह बताने को कहा गया था कि निदेशों का पालन करने में विफल रहने पर उस पर जुमार्ना क्यों न लगाया जाए। बैंक के जवाब पर गौर करने के बाद आरबीआई ने पाया कि बैंक के विरुद्ध लगाए गए आरोप सही हैं। बैंक ने सब्सिडी के रूप में सरकार से प्राप्त होने वाली राशि के एवज में एक कंपनी को कार्यशील पूंजी मांग ऋण स्वीकृत किया था। इसके साथ ही बैंक कुछ अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन के मामलों में शामिल राशि को भी निर्धारित समय के भीतर ग्राहकों के खाते में जमा नहीं कर पाया। आरबीआई ने एक अन्य बयान में कहा कि केवाईसी निर्देश, 2016 सहित कुछ मानदंडों का पालन न करने के लिए सोनाली बैंक पीएलसी पर 96.4 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। आरबीआई ने कहा कि दोनों मामलों में लगाए दंड नियामकीय अनुपालन में खामियों पर आधारित हैं और इसका उद्देश्य संस्थाओं द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेट थिएट पर तबला रास

● तबले की तिरकिट पर ताले नाच उठी



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** जयपुर ' नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रंखला में आज युवा तबला कलाकार पीयूष कुमार राव ने तबले पर अपनी उंगलियों का ऐसा जादू चलाया की दर्शक वाह-वाह कर उठे ' नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया की तबला नवाज पीयूष राव ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत उठान, पेशकार, कायदा फर्रुखाबाद घराना, दिल्ली घराने का कायदा और बनारस घराने का चाला बजाकर लोगों की तालियां बटोरी । इसके बाद पीयूष ने अपने तबला वादन में मध्यलय में परण, फरमाइशी, टुकड़ा, रेला, तिहाई,चक्रधर तिहाई,कुछ लय बोलबत और लगी लड़ी तिरकिट बजाई और जयपुर घराने की कुछ गते परण पर उंगलियों का ऐसा जादू चलाया कि लोग मंत्रमुग्ध हो गए ' इनके साथ हारमोनियम पर युवा संगीतज्ञ भानु कुमार राव ने सुरीली संगत से कार्यक्रम को सफल बनाया ' कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी मनोज स्वामी ने किया ' कार्यक्रम में प्रकाश व्यवस्था सागर गढ़वाल, कैमरा मनोज स्वामी, मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही '

### एशियाड सर्कस का गुलाबी नगर जयपुर में हुआ शानदार आगाज :

● जयपुर वासियों के लिए होगा जमकर मनोरंजन का खजाना



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में काफी समय के बाद एशियाड सर्कस अपने पूरे साजो सामान के साथ मनोरंजन का खजाना लेकर आ चुका है, जिसकी शुरुआत शनिवार देर शाम विधि-विधान से हो चुकी है।सर्कस के संचालक का कहना है कि सर्कस के कलाकार दर्शकों को बोर नहीं होने देते। सर्कस में एक के बाद एक हैरतअंगेज खेल एवं करतब दिखाकर सर्कस के कलाकार लोगों को तालियां बजाने और हंसने-हंसाने में मजबूर कर देते हैं। एशियाड सर्कस एयरकुल्ड़, आधुनिक तम्बू में अपने दर्शकों बैठने की व्यवस्था उपलब्ध करता है। जिसमें गर्मी से राहत के साथ हर आइटम को आरामदायक कुर्सियों पर बैठकर दर्शक आनंदपूर्वक मनोरंजन करते हैं एशियाड सर्कस के संचालक का कहना है सर्कस में तराशे हुए कलाकारों द्वारा जमीन से 60 फिट हवाई-झुला, रिंग डांस, फायर डांस, कलाकारों द्वारा स्टाइल से चलाते हुए साइकिल के करतब छोटे-छोटे (बोने) कलाकारों की हंसी की फुहार, गोले में तीन- तीन मोटरसाइकिल पर करतब दिखाते कलाकारों द्वारा दिल छु लेने वाली जिम्नास्टिक एवं बच्चों और पुरे परिवार के लिए बहुत से मनोरंजक करतब जो दर्शकों की वाहवाही बटोर ते हैं। दर्शकों के लिए सर्कस समय रोजाना दोपहर दो बजे, शाम पांच बजे और रात आठ बजे से रखा गया है।

# भागीरथ चौधरी का किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया भव्य स्वागत

चमकता राजस्थान




जयपुर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी दिल्ली से किशनगढ़ (अजमेर) जाते समय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रेवन्त सिंह राजपुरोहित ने बताया कि भागीरथ चौधरी केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री बनने के पश्चात प्रथम बार दिल्ली से प्रातः रवाना हुये, उसके पश्चात हरियाणा-राजस्थान बोर्डर शाहजहांपुर पहुंचने पर किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। उसके बाद नीमराणा, बहरोड़, पावटा, कोटपूतली, शाहपुरा, चंदवाजी पुलिया के नीचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भागीरथ चौधरी का स्वागत किया। उसके पश्चात भागीरथ चौधरी भाजपा प्रदेश कार्यालय में पहुंचे, जहां उन्हें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने बधाई एवं शुभकानाएं दी। उसके बाद भागीरथ चौधरी को भाजपा प्रदेश कार्यालय में उपस्थित भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर, गुलदस्ता देकर, फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया एवं मुंह मिठा करवाकर बधाई दी। इस मौके पर भागीरथ चौधरी ने उपस्थित मोर्चे के सभी प्रदेश पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का ह्दय से आभार व्यक्त किया।

राजपुरोहित ने बताया कि उसके पश्चात भागीरथ चौधरी का 200 फिट बाईपास, भांकरोटा, बगरू, महला, मोहखमपुरा, दूदू, पडसौली, बांरदसिंदरी, पाटन, किशनगढ़ टोल प्लाजा एवं हरमाड़ा चौराह (किशनगढ़) में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश कार्यालय स्वागत में मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री शैलाराम सारण, प्रदेश महामंत्री रेवन्त सिंह राजपुरोहित, ओ.पी. यादव, डॉ. बलराम दून, प्रदेश उपाध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़, बिरधीचंद चौधरी, खीमाराम चौधरी, दुर्गा हटवाल, रघुवीर सिंह तंवर, प्रदेश मंत्री प्रकाश भाकर, प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री सत्येन्द्र त्यागी, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी गुरजन्ट सिंह धारीवाल, प्रदेश आईटी प्रभारी दीपांशु जैन, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी सूर्यप्रकाश शर्मा, बीकानेर देहात जिलाध्यक्ष भंवरलाल जांगिड, पाली जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह राठौड़, जोधपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई सहित मोर्चा के अन्य पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का महत्वपूर्ण निर्णय

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी संवर्ग के सेवा नियमों की खुली राह

चमकता राजस्थान




**जयपुर (खलील कुरैशी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए कृतसंकल्पित है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री शर्मा ने भर्ती प्रक्रियाओं को सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के लिए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी संवर्ग के सेवा नियमों संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी दी है। शर्मा ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (राजपत्रित) सेवा नियम, 2024 एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (मंत्रालयिक एवं अधीनस्थ सेवा नियम, 2024 का अनुमोदन किया है। साथ ही राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवाएं (सामान्य पात्रता परीक्षा) नियम,2022 में आवशयक संशोधन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से बोर्ड के सेवा नियमों के निर्धारण की राह खुलने के साथ ही बोर्ड के कार्मिक संवर्ग के चयन में सुगमता आएगी। कर्मचारी चयन बोर्ड के सशक्त एवं स्वतंत्र होने से पारदर्शी एवं समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के गठित होने के साथ ही पिछले 10 वर्षों में बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी संवर्ग के लिए सेवा नियम नहीं बनाये गए, जिससे पदों की स्वीकृति, भर्ती, पदोन्नति, वरिष्ठता एवं वेतन भत्तों के निर्धारण आदि के कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पा रहे थे।

● कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से वाहन चालकों की हो सकेगी भर्ती

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभिन्न विभागों के वाहन चालकों के पदनाम में एकरूपता लाते हुए शैक्षणिक योग्यता के सेवा नियमों में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस संबंध में वाहन चालक पद के लिए आवशयक शैक्षणिक योग्यता आठवीं से अपग्रेड करते हुए सैकेण्डरी या समकक्ष किए जाने का निर्णय लिया गया है। शर्मा के इस निर्णय से भविष्य में वाहन चालकों की भर्ती के लिए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा एवं ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया जा सकेगा। इससे सुगम एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के जरिए कुशल वाहन चालकों का चयन किया जा सकेगा।

## इस्तीफे के सवाल पर किरोड़ी ने मुंह पर अंगुली रखी लोकसभा चुनावों की समीक्षा बैठक में नहीं आए; सरकारी दफ्तर और गाड़ी से बना रखी दूरी

चमकता राजस्थान



जयपुर (खलील कुरैशी) कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने इस्तीफे के सवाल पर चुप्पी साध ली है। किरोड़ीलाल मीणा शनिवार को माउंट आबू दौरे पर रहे। इस दौरान उनसे इस्तीफे को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने मुंह पर अंगुली रख ली। लोकसभा चुनावों की बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में किरोड़ीलाल मीणा शामिल नहीं हुए। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने लोकसभा चुनावों की आचार संहिता हटने के बाद से ही सरकारी काम से दूरी बना रखी है। वे सचिवालय और कृषि भवन के अपने दफ्तर नहीं जा रहे हैं।साथ ही सरकारी गाड़ी भी छोड़ रखी है। लोकसभा चुनावों की आचार संहिता लगने के कारण सभी मंत्रियों ने सरकारी गाड़ी लौटा दी थी। आचार संहिता हटने के बाद भी किरोड़ीलाल मीणा ने सरकारी गाड़ी नहीं ली है। वे अब भी प्राइवेट गाड़ी से ही चल रहे हैं।लोकसभा चुनावों की समीक्षा बैठक से किरोड़ीलाल नदारद टोंक-सवाई माधोपुर सहित 6 सीटों पर लोकसभा चुनावों के नतीजों पर समीक्षा के लिए उम्मीदवारों और विधायकों सहित स्थानीय नेताओं को बुलाया था। टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर हार की समीक्षा बैठक में किरोड़ीलाल नहीं आए। इसे उनके इस्तीफे से जोड़कर देखा जा रहा है। किरोड़ीलाल मीणा का इस्तीफा लगभग तैयार है, उसके सीएम को भेजने भर की देरी है।

## स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक

● शिक्षा मानव जीवन में सफलता और विकास के संबंध में एक महत्त्वपूर्ण सेवा -: कृष्ण कुणाल शासन सचिव, स्कूल शिक्षा




**चमकता राजस्थान। जयपुर।(खलील कुरैशी)** शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने कहा कि शिक्षा एक महत्त्वपूर्ण सेवा है तथा शिक्षक का समाज में सम्मानजनक स्थान है। कुणाल शनिवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। शासन सचिव ने कहा कि विभागीय अधिकारी संवेदनशील रहकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि समन्वय कर ड्रॉप आऊट छात्रों को पुनः शिक्षा से जोड़े एवं प्रवेशोत्सव में कोई भी बालक विद्यालय में नामांकन से वंचित ना रहे। कम परीक्षा परिणाम वाले जिलों को अध्ययन में सुधार पर विशेष ध्यान देने, पुस्तकालयों का उपयोग सुनिश्चित करने, निर्धारित टाईम टेबल के अनुसार समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करने, दक्षता आधारित शिक्षा पर फोकस करने, स्मार्ट क्लास का अधिकतम उपयोग करने, छात्रवृति एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का समय पर वितरण सुनिश्चित करने, साइकिल वितरण का कार्य सत्र के प्रारंभ में करने, मानसून के दौरान अधिक से चैती रेस अधिक वृक्षारोपण करने तथा 29 जून को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार मेले के लिए सूचना भिजवाने के निर्देश दिये। राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करने, आंगनबाड़ी एवं बाल वाटिका के संचालन की निगरानी, मेंटोर टीचर की नियमित उपस्थिति, प्रभावी पर्यवेक्षण, गुणवत्ता पूर्ण सामग्री की पहुंच सुनिश्चित करने, राष्ट्रीय अविष्कार अभियान, ओ-लेब, आईसीटी लेब, स्मार्ट क्लास रूम, रोबोर्टिक्स लेब, आपणी लाडो, समावेशी शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, आरईआई सहयोगी संस्थाओं की गतिविधियों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिये। आयुक्त मिड-डे मील, विश्वमोहन शर्मा ने स्कूलों में न्यूट्रिशन गार्डन तैयार करने एवं फलदार वृक्ष लगाने, कृष्ण भोग योजना के अन्तर्गत सामूदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने, अतिथि माता अवधारणा के अन्तर्गत महिला अभिभावकों को मुख्य अतिथि बनाकर भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## आज होगा योग का महासंगम

# जयपुर योग महोत्सव के छठवें दिन पत्रिका गेट, सिटी पार्क में आयोजित हुए योग शिविर

## 48 योग संस्थाओं के प्रशिक्षकों योगाचार्यों द्वारा 1500 मिनट योग कर नगर निगम ग्रेटर द्वारा बनाया जाएगा कीर्तिमान

● योग शिविर के छठवें दिन 1000 लोगों ने किया एक साथ योगाभ्यास

चमकता राजस्थान





जयपुर (खलील कुरैशी) 15 जून । नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की पहल पर आयोजित किये जा रहा जयपुर योग महोत्सव 2024 के तहत छठे दिन पत्रिका गेट एवं सिटी पार्क मानसरोवर में योग शिविर आयोजित किये गए इस दौरान उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा नगरीय विकास एवं स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, मंजू शर्मा सांसद (जयपुर शहर) है कार्यक्रम में मौजूदसिटी पार्क में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सहायक योगाचार्य डॉ. नवनीत मलेठिया एवं योगी अभिषेक जांगिड़ तथा पत्रिका गेट पर डॉ. शालिनी शर्मा एवं सर्वमंगलाए सनातन धर्म फाउंडेशन की संस्थापक योगाचार्य पूर्वी विजयवर्गीय ने योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान करवाया।

नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने इस अवसर पर कहा की योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और हमारी पुरातन परंपरा भी रही है हमें प्रतिदिन अपने शरीर को स्वस्थ रखने तथा शहर को स्वच्छ रखने के लिए योग को दैनिक जीवन में अपनाना आवशयक है क्योंकि क्योंकि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूती देता है। सिटी पार्क में आयोजित योग शिविर का कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ. जी.एल.शर्मा एवं क्षेत्रीय संयोजक मेघसिंह चौहान ने की योग शिविर का संचालन क्रीड़ा भारती योग प्रमुख योगाचार्य सत्यपाल सिंह ने किया। सिटी पार्क एवं पत्रिका गेट पर आयोजित हुए योग शिविर मे समितियों के अध्यक्ष रमेश सैनी, पारस जैन , पार्षद अंकित शर्मा, राम प्रसाद शर्मा, इंद्रप्रकाश धाभाई, गिरिराज शर्मा महेंद्र शर्मा ,राम अवतार गुप्ता एवं जयपुर योग महोत्सव 2024 के समन्वयक योगी मनीष विजयवर्गीय मौजूद रहे। महापौर ने योगाचार्यों पार्षदों एवं अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट करते हुए आमजन से अपील की की मानसून में पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति एक पेड़ जरूर लगाए।आज के शिविरों में सहभागी संस्थान क्रीड़ा भारती, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, पीस ओफ माइंड फिटनेस एण्ड योग, राष्ट्रीय हठ योग संस्थान, शान्ति योग, योगपथ योग संस्थान, अपेक्स कोलेज, योगोत्कर्ष योग साधना केंद्र, दौसा, गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट रही।इससे पूर्व बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट ,स्मृति वन पार्क, केसर उद्यान, चित्रकूट स्टेडियम सहित विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किया जा चुके हैं जिसमें आमजन ने बढ़ चढ़कर योगाभ्यास किया योग शिविर में योग साधकों को ध्यान प्राणायाम, भुजंगासन , कटिचक्रासन, मयूरासन सहित विभिन्न आसनों द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। जयपुर योग महोत्सव के तहत आयोजित शिविरों का नियमित शुभारंभ गायत्री नैनो यज्ञ करवाया जाता है जिसमें सभी योग साधकों द्वारा आहुतियां दी जाती है यह यज्ञ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण को शुद्ध रखने मानव कल्याण के उद्देशय से किया जाता है।महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने बताया कि 16 एवं 17 को नगर निगम ग्रेटर 48 योग संस्थाओं के साथ मिलकर 1500 मिनट योग का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने जा रहा है जिसमें बिना रुके लगातार योग संस्थानों द्वारा योगासन किए जाएंगे यह कार्यक्रम 16 जून को प्रातः 7:00 बजे से भट्टरक जी की नसिया स्थित इंद्रलोक सभागार में आयोजित किया जाएगा जो की अगले दिन 17 जून सुबह 7:00 बजे तक लगातार विभिन्न योगाचार्यों ,योग प्रशिक्षको द्वारा योगासन ,सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न प्रकार के योग अभ्यास किए जाएंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929